JOTI JOURNAL

(BI-MONTHLY)

APRIL 2019

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY

HIGH COURT OF MADHYA PRADESH, JABALPUR - 482 007

TRAINING COMMITTEE
MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY

1.	**Hon'ble Shri Justice S.K. Seth**	Chief Justice & Patron
2.	**Hon'ble Shri Justice R.S. Jha**	Judge Incharge, Judicial Education
3.	**Hon'ble Shri Justice Rohit Arya**	Member
4.	**Hon'ble Shri Justice Atul Sreedharan**	Member
5.	**Hon'ble Shri Justice Rajeev Kumar Dubey**	Member
6.	**Hon'ble Shri Justice Subodh Abhyankar**	Member

●

FOUNDER OF THE INSTITUTE AND JOTI JOURNAL
Hon'ble Shri Justice U.L. Bhat
Former Chief Justice,
High Court of M.P., Jabalpur

●

ASSOCIATE EDITOR
Sudeep Kumar Shrivastava
Additional Director

EDITOR
Pradeep Kumar Vyas
Director

JOTI JOURNAL APRIL - 2019

SUBJECT- INDEX

PART-I
(ARTICLES & MISC.)

PART-II
(NOTES ON IMPORTANT JUDGMENTS)

ARMS ACT, 1959

आयुध अधिनियम, 1959

Sections 25 (1AA) and 25 (1B)(a) – Mere possession of loaded country-made pistol is punishable under Section 25(1B)(A) – Section 25(1AA) is applicable when accused is found involved in manufacture of such pistol.

धाराएं 25 (1कक) एवं 25 (1ख)(क) - भरे देशी कट्टे का मात्र आधिपत्य धारा 25 (1ख)(क) के अधीन दण्डनीय है - धारा 25(1कक) तब लागू होती है जब अभियुक्त ऐसे कट्टे के निर्माण में संलग्न होना पाया जाता है। **53*** **119**

CIVIL PROCEDURE CODE, 1908

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908

Sections 151 and 152 – Amendment of partition decree – In order to make such partition decree executable, sketch map of disputed property should be made part of a decree.

धाराएं 151 एवं 152 - विभाजन डिक्री का संशोधन - ऐसी विभाजन डिक्री को निष्पादन योग्य बनाए जाने हेतु, विवादित संपत्ति के रेखा मानचित्र को डिक्री का भाग बनाया जाना चाहिए। **54*** **120**

Order 9 Rule 9 and Order 17 Rules 2 and 3 – Appeal against dismissal of suit under Order 17 Rule 2 or Rule 3 is not maintanable – Proper remedy is to file application under Order 9 Rule 9.

आदेश 9 नियम 9 एवं आदेश 17 नियम 2 व 3 - आदेश 17 नियम 2 या नियम 3 के अंतर्गत वाद की खारिजी के विरूद्ध अपील पोषणीय नहीं है - उचित उपचार आदेश 9 नियम 9 के तहत आवेदन प्रस्तुत करना है। **55** **120**

Order 21 Rules 37 and 40 – Procedure to be adopted in Execution of money decree through detention in civil prison.

आदेश 21 नियम 37 एवं 40 - सिविल कारागार में निरोध के माध्यम से धन डिक्री के निष्पादन में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया। **56** **122**

Order 26 Rules 9 and 10 and Order 39 Rule 7 – Allowing cross-examination of commissioner appointed under Order 39 Rule 7 would frustrate the very purpose of the provision.

आदेश 26 नियम 9 तथा 10 एवं आदेश 39 नियम 7 - आदेश 39 नियम 7 के अंतर्गत नियुक्त कमिश्नर के प्रतिपरीक्षण की अनुमति प्रावधान के वास्तविक उद्देश्य को विफल करेगी। **57** **123**

Order 41 Rule 27 – Appellate Court can allow filing of documents, when documents are relevant and necessary for deciding the rights of parties involved in the appeal and satisfactory explanation for not filing such documents in suit is given.

आदेश 41 नियम 27 - अपीलीय न्यायालय दस्तावेज प्रस्तुत करने की अनुमति दे सकता है, जब दस्तावेज अपील में पक्षकारों के अधिकारों के विनिश्चय के लिए सुसंगत व आवश्यक हैं और उन्हें दावे में प्रस्तुत न करने का संतोषजनक स्पष्टीकरण दिया जाता है। **87(ii)* 161**

CONSTITUTION OF INDIA

भारत का संविधान

Article 20 – See Section 300 of the Criminal Procedure Code, 1973.

अनुच्छेद 20 - देखें दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 300। **96* 170**

CONTRACT ACT, 1872

संविदा अधिनियम, 1872

Section 16 – (i) A registered document carries with it a presumption that it was validly executed – Burden of proving that such document is vitiated due to undue influence lies upon the party who is challenging the document.

(ii) Presumption as to Undue influence cannot arise merely because parties are related to each other or executant was old or of weak character.

धारा 16 - (i) पंजीकृत दस्तावेज अपने साथ यह उपधारणा वहन करता है कि वह वैध रूप से निष्पादित किया गया है - ऐसा दस्तावेज असम्यक असर से दूषित है, यह प्रमाणित करने का भार उस पक्ष पर होता है जो दस्तावेज को चुनौती देता है।

(ii) असम्यक् असर के बारे में उपधारणा मात्र इस आधार पर उत्पन्न नहीं होती कि पक्षकार एक दूसरे से संबंधित हैं या निष्पादक वृद्ध था या दुर्बल स्वभाव का था। **97(i) &(ii) 171**

COURT FEES ACT, 1870

न्यायालय शुल्क अधिनियम, 1870

Section 7 and Article 17 (iii) – In suit for declaring sale deed void where plaintiff is niether the executant nor a party to the sale deed, plaintiff is not required to pay ***ad valorem*** Court fee and Fixed Court fee is payable in such cases.

धारा 7 एवं अनुच्छेद 17 (iii) - विक्रय विलेख को शून्य घोषित किए जाने हेतु दावे में जिसमें वादी विक्रय विलेख का न तो निष्पादक है और न ही पक्षकार, वादी को मूल्यानुसार न्यायालय शुल्क संदाय करना अपेक्षित नहीं है तथा ऐसे मामलों में नियत न्यायालय शुल्क संदेय है। **58* 124**

CRIMINAL PROCEDURE CODE, 1973

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973

Section 125 – (i) Adultery – Eligibility of maintenance – Refusal of wife to undergo DNA Examination to examine paternity of daughter – Adverse inference u/S 114, illusration (h) of Evidence Act can be drawn to the extent that wife had been unfaithful to her husband on one or more occasions – On such inference, a decree u/S 13 (1) (i) of the

Hindu Marraige Act may be granted – But it cannot deprive her to receive maintenance u/S 125 CrPC unless husband proves that she is continuously living in adultery.
(ii) Meaning of "living in adultery".

धारा 125 - (i) जारता - भरण पोषण हेतु पात्रता - पत्नी द्वारा पुत्री के पितृत्व के परीक्षण हेतु पति के आवेदन पर डीएनए परीक्षण कराए जाने से इंकार - साक्ष्य अधिनियम की धारा 114 के दृष्टांत (ज) के अधीन इस सीमा तक प्रतिकूल अनुमान लगाया जा सकता है कि पत्नी, पति के प्रति एक या अधिक अवसरों पर विश्वासघाती थी - ऐसी उपधारणा के आधार पर, हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 13 (1) (प) के अधीन डिक्री प्रदान की जा सकती है - परंतु यह पत्नी को धारा 125 दंप्रसं के तहत भरणपोषण प्राप्त करने से वंचित नहीं कर सकता जब तक कि पति यह साबित न कर दे कि वह निरंतर जारता में रह रही है।

(ii) ''जारता में रहना'' का अर्थ। **59*** **125**

Section 125 – Factors to be considered in deciding quantum of maintenance.

धारा 125 - भरणपोषण की राशि निर्धारित करने हेतु विचार योग्य बिन्दु। **60*** **126**

Sections 190 and 319 – Discharging an accused earlier, ignoring the supplementary charge-sheet which was in existence then, is not a bar to proceed against him u/S 319 Cr.P.C. on the basis of same supplementary chargesheet again.

धाराएं 190 एवं 319 - तत्समय विद्यमान अनुपूरक अभियोग-पत्र को दरकिनार कर अभियुक्त का पूर्व में उन्मोचन, पुनः उसी अनुपूरक अभियोग-पत्र के आधार पर उसके विरूद्ध धारा 319 दंप्रसं के तहत कार्यवाही करने का वर्जन नहीं है। **61*** **127**

Sections 200 and 203 – (i) Second complaint on same facts when first complaint dismissed on withdrawal is maintainable where the first complaint did not lead to conviction, acquittal or discharge and was not dismissed on merits.
(ii) Mentioning the fact of filing earlier complaint or reasons of its withdrawal in subsequent complaint is not necessary and they are not condition precedent for maintaining second complaint.

धाराएं 200 एवं 203 - (i) समान तथ्यों पर द्वितीय परिवाद, जब प्रथम परिवाद वापसी में खारिज हुआ, पोषणीय है जब प्रथम परिवाद में दोषसिद्धी, दोषमुक्ति या उन्मोचन नहीं हुआ और गुणागुण पर खारिज नहीं किया गया।

(ii) पश्चातवर्ती परिवाद में पूर्व में प्रस्तुत परिवाद या उसे वापस लेने के आधार के तथ्य वर्णित करना आवश्यक नहीं है और वे द्वितीय परिवाद की पोषणीयता हेतु आवश्यक शर्त नहीं हैं।

62 **127**

Sections 212, 215 and 464 – Absence of charge would vitiate conviction only if it has caused prejudice to accused and failure of justice has been occasioned.

धाराएं 212, 215 एवं 464 - आरोप की अनुपस्थिति दोषसिद्धी को मात्र तब दूषित करेगी जब उससे यदि अभियुक्त प्रतिकूलतः प्रभावित हुआ है और उससे न्याय की हानि हुई है। **63** **129**

Section 300 – Accused discharged of offences u/S 13 (1)(c)(d)(e) read with Section 13 (2) of Prevention of Corruption Act and Section 409 IPC on ground of invalid sanction of prosecution – Special Court should have directed the prosecution to obtain valid sanction – Further, filing of new charge-sheet after obtaining valid prosecution is not barred by Section 300 Cr.P.C and principle of double jeopardy will not apply.

धारा 300 - अभियुक्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (1)(c)(d)(e) सहपठित धारा 13 (2) तथा धारा 409 भादंसं के आरोप से, अभियोजन की अविधिमान्य मंजूरी के आधार पर उन्मोचित किया गया - विशेष न्यायालय को अभियोजन को विधिमान्य मंजूरी प्राप्त करने के निर्देश देने चाहिए थे - आगे यह भी कि, विधिमान्य मंजूरी प्राप्त करने के बाद नवीन अभियोग-पत्र प्रस्तुत करना धारा 300 दंप्रसं के तहत वर्जित नहीं है और दोहरे दण्ड का सिद्धांत लागू नहीं होगा। **96*** **170**

Section 313 – Omission to frame question regarding contents of Ballistic expert report during examination of accused cannot be a ground to brush aside the report if it did not cause any prejudice to accused.

धारा 313 - अभियुक्त परीक्षण के दौरान प्राक्षेपिकी विशेषज्ञ प्रतिवेदन की विषयवस्तु के संबंध में प्रश्न विरचित न करना प्रतिवेदन को दरकिनार करने का आधार नहीं है यदि उससे अभियुक्त को कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़ा हो। **64*** **134**

Section 362 – Purpose of Section 362 is only to correct clerical or arithmetical error and correction or rehearing on merits does not come under its scope.

धारा 362 - धारा 362 का उद्देश्य मात्र लिपिकीय या अंक संबंधी त्रुटि सुधारना है तथा गुणागुण पर सुधार अथवा पुनःसुनवाई इसके विस्तार में नहीं आता। **65*** **134**

Section 394 – Application for Leave to continue appeal by near relative on death of accused pending appeal can be made within 30 days of death of appellant by virtue of proviso to Section 394 CrPC and delay in filing such application can be considered during pendency of appeal also and if delay is found bonafide, it can be condoned.

धारा 394 - अपील के लंबित रहते दौरान अभियुक्त की मृत्यु पर निकट नातेदार द्वारा अपील जारी रखने हेतु अनुमति का आवेदन धारा 394 दंप्रसं के परंतुक के आलोक में अपीलार्थी की मृत्यु से तीस दिवस के भीतर प्रस्तुत किया जा सकता है तथा ऐसा आवेदन प्रस्तुत करने में विलंब अपील के लंबित रहते दौरान भी विचार किया जा सकता है और यदि विलंब सद्भाविक पाया जाता है, तो उसे क्षमा किया जा सकता है।

66 **134**

Sections 468 and 473 – When Chargesheet or complaint is filed beyond limitation as mandated u/S 468 CrPC, before taking cognizance, Court must issue notice to the accused to hear him on question of condonation of delay.

धाराएं 468 एवं 473 - जहां अभियोग पत्र या परिवाद, दंप्रसं की धारा 468 में यथा समाविष्ट परिसीमा के पश्चात् प्रस्तुत किया जाता है, तब संज्ञान लेने के पूर्व, न्यायालय को अभियुक्त को विलंब क्षमा किए जाने के प्रश्न पर उसे सुनवाई हेतु सूचना पत्र जारी करना चाहिए। **67** **136**

EVIDENCE ACT, 1872

साक्ष्य अधिनियम, 1872

Section 3 – (i) Appreciation of circumstantial evidence.
(ii) Appreciation of evidence regarding charge of penetrative sexual assault.
धारा 3 - (i) परिस्थितिजन्य साक्ष्य का मूल्यांकन।

(ii) प्रवेशन लैंगिक हमले के आरोप के संबंध में साक्ष्य का मूल्यांकन।	**68(i) &(ii)***	**136**

Section 3 – Appreciation of evidence of injured eye-witness.

धारा 3 - आहत चक्षुदर्शी साक्षी की साक्ष्य का मूल्यांकन।	**69***	**137**

Section 3 – Omission of name of accused in FIR despite being known previously to witness who subsequently deposes in Court about presence of accused at the time of occurrence, is an improvement over earlier statement and a material omission.

धारा 3 - प्रथम सूचना रिपोर्ट में अभियुक्त के नाम का लोप जबकि साक्षी उसे पूर्व से जानता था, जो बाद में न्यायालय में घटना के समय अभियुक्त की उपस्थिति के बारे में साक्ष्य देता है, पूर्व कथन में सुधार तथा एक तात्विक लोप है।	**70***	**138**

Section 3 – (i) Appreciation of testimony of injured witness.
(ii) Credibility of testimony of witness closely related to accused.
(iii) Appreciation of inconsistencies in testimonies of witnesses.
धारा 3 - (i) आहत साक्षी की साक्ष्य का मूल्यांकन।

(ii) अभियुक्त के निकट संबंधी साक्षी की साक्ष्य की विश्वसनीयता।

(iii) साक्षियों की साक्ष्य में असंगतता का मूल्यांकन।	**71**	**138**

Sections 3, 8 and 27 – (i) When accused was seen following the victim and running after the incident, witnesses whose presence was natural identifying accused by reference to colour of his t-shirt, accused was stranger in small village to be identified easily, such identification in Court even in absence of test identification parade held reliable.
(ii) Recovery cannot be suspected on ground of delay and investigators cannot be faulted if accused himself gives information after delay.
(iii) Presence of scratch marks on the face and neck of accused after the incident, held to be another circumstance against the accused.

धाराएं 3, 8 एवं 27 - (i) जब अभियुक्त को घटना के बाद पीड़ित का पीछा करते और भागते हुए देखा गया साक्षीगण, जिनकी उपस्थिति स्वाभाविक थी, ने अभियुक्त को उसके टी-शर्ट के कलर से पहचाना, अभियुक्त एक छोटे गांव में अजनबी था जिसे आसानी से पहचाना जा सकता था, न्यायालय में ऐसी पहचान, पहचान परीक्षा परेड के अभाव में भी विश्वसनीय है।

(ii) बरामदगी को विलंब के आधार पर संदेहास्पद नहीं माना जा सकता तथा यदि अभियुक्त स्वयं विलंब के पश्चात जानकारी देता है तो अन्वेषण अधिकारियों की त्रुटि नहीं मानी जा सकती।

(iii) घटना के पश्चात् अभियुक्त के चेहरे तथा गले पर खरोंच के निशानों की उपस्थिति, अभियुक्त के विरूद्ध एक अन्य परिस्थिति होना पाई गई। **72*** **140**

Sections 3 and 118 – Appreciation of testimony of injured child witness.

धाराएं 3 एवं 118 - आहत बाल साक्षी की साक्ष्य का मूल्यांकन। **73(i)*** **141**

Sections 3, 138 and 139 – An accused who did not avail his right of cross-examination cannot be permitted to find fault in evidence of witnesses.

धाराएं 3, 138 एवं 139 - एक अभियुक्त जिसने उसके प्रतिपरीक्षण के अधिकार का उपयोग नहीं किया, को साक्षी की साक्ष्य में दोष निकालने की अनुज्ञा नहीं दी जा सकती। **81(ii)*** **148**

Sections 6 and 25 – Statement of accused to Station Incharge informing that he committed murder of his wife is admissible under Section 6 Evidence Act and can be treated as extra-judicial confession.

धाराएं 6 एवं 25 - अभियुक्त का थाना प्रभारी को यह सूचित करते हुए कथन कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है, साक्ष्य अधिनियम की धारा 6 के तहत ग्राहय है और न्यायिकेत्तर संस्वीकृति के रूप में माना जा सकता है। **74*** **142**

Section 32 – Reliabilty of dying declaration.

धारा 32 - मृत्युकालिक कथन की विश्वसनीयता। **75*** **143**

Sections 32 and 106 – Reliabilty of third dying declaration.

धाराएं 32 एवं 106 - तीसरे मृत्युकालिक कथन की विश्वसनीयता। **80(ii)** **147**

Section 113-B – Where all three ingredients of offence of dowry death are proved, presumption u/S 113-B has to be drawn in absence of rebuttal defence evidence.

धारा 113-ख - जहां दहेज मृत्यु के तीनों तत्व साबित हो जाते हैं, वहां खंडनीय बचाव साक्ष्य के अभाव में धारा 113-ख के तहत उपधारणा की जाएगी। **82*** **150**

Section 114 – See Section 125 of the Criminal Procedure Code, 1973.

धारा 114 - देखें दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 125। **59*** **125**

FOOD SAFETY AND STANDARDS ACT, 2006

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006

Section 55 – There can be prosecution for offence both u/S 55 of FSS Act and u/S 188 IPC for non-compliance of orders passed under the Act.

धारा 55 - एफएसएस अधिनियम के तहत पारित आदेशों के अपालन के लिए इस अधिनियम की धारा 55 तथा धारा 188 भादंसं, दोनों के तहत अभियोजन हो सकता है। **76(i)*** **144**

HINDU MARRIAGE ACT, 1955

हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955

Section 13 (1) (i) – See Section 125 of the Criminal Procedure Code, 1973.

धारा 13 (1) (i) - देखें दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 125। **59*** **125**

Section 13B – (i) In case of divorce by mutual consent compliance of statutory period of six months is not mandatory, on satisfaction of Court about parties living separately for more than statutory period and failure of all efforts at mediation and conciliation.

(ii) Video conferencing can be used where parties are unable to appear in person for any just and valid reasons.

धारा 13बी - (i) पारस्परिक सम्मति से विवाह विच्छेद के मामले में न्यायालय के पक्षकारों के वैधानिक अवधि से अधिक अवधि के लिए पृथक रहने और मध्यस्थता और पुनर्मिलन के सभी प्रयासों के विफल होने के बारे में संतुष्ट होने पर, न्यूनतम छह माह की वैधानिक अवधि का पालन किया जाना आज्ञापक नहीं है।

(ii) जहां पक्षकार न्यायासंगत और वैध कारणों से स्वीय उपस्थिति में अक्षम हों वहां वीडियो कान्फ्रेसिंग का उपयोग किया जा सकता है। **77** **144**

Section 13B – Legal rights of minor daughter to claim maintenance and claim share in property of father cannot be terminated by an agreement between the parents and daughter shall have a discretion to exercise such rights or not on her attaining majority.

धारा 13बी - अवयस्क पुत्री का भरण-पोषण तथा पिता की संपत्ति में अंश के दावे का अधिकार माता-पिता के मध्य करार से समाप्त नहीं किया जा सकता तथा पुत्री के पास विवेकाधिकार होगा कि वयस्कता प्राप्त करने पर वह इन अधिकारों का प्रयोग करेगी या नहीं। **78*** **146**

INDIAN PENAL CODE, 1860

भारतीय दण्ड संहिता, 1860

Sections 34, 302 and 323 – See Sections 212, 215 and 464 of the Criminal Procedure Code, 1973.

धाराएं 34, 302 एवं 323 - देखें दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धाराएं 212, 215 एवं 464।

63 **129**

Section 188 – Order u/S 188 IPC may relate to act which causes or tends to cause danger to human life and hence section 188 IPC will apply for alleged violation of prohibitory order of the Commissioner, Food and Safety also.

धारा 188 - धारा 188 भादंसं के तहत आदेश, मानव जीवन को संकट कारित करने वाले या कारित करने की प्रवृत्ति रखने वाले कार्य से संबंधित हो सकता है तथा अतः धारा 188 भादंसं आयुक्त, खाद्य एवं सुरक्षा के प्रतिबंधात्मक आदेश के कथित उल्लंघन पर भी लागू होगी। **76(ii)*** **144**

Sections 301 and 302 – If accussed person had intention to kill one person but killed another, they would be punishable for offence of murder under doctrine of transfer of malice.

धाराएं 301 एवं 302 - यदि अभियुक्तगण का किसी एक व्यक्ति की हत्या कारित करने का आशय था किंतु वे किसी अन्य की हत्या कर देते हैं, तो वे द्वेष के अंतरण के सिद्धांत के अंतर्गत हत्या का अपराध करने के लिए दण्डित किए जाने योग्य होंगे। **79*** **146**

Section 302 – Capital punishment commuted to life imprisonment, when motive of the crime was not on record, accused was young at the time of committing offence, there was absence of extreme brutality and State failed to show that there is no possibility of reform or rehabilitation.

धारा 302 - मृत्यु दण्ड आजीवन कारावास में परिवर्तित किया गया, जब अपराध का हेतु अभिलेख पर नहीं था, अपराध कारित करते समय अभियुक्त युवा था, नितांत पाश्विकता का अभाव था और राज्य यह दर्शित करने में असफल रहा कि सुधार या पुर्नवास की कोई संभावना नहीं है। **68(iii)*** **136**

Section 302 – Deceased died a homicidal death inside matrimonial home of which accused gave no explanation – No grave and sudden provocation by deceased and accused absconded after incident – Conviction upheld.

धारा 302 - मृतक की मृत्यु वैवाहिक गृह के अंदर हुई जिसका अभियुक्त ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया - मृतक द्वारा कोई गंभीर और अचानक प्रकोपन नहीं और घटना के बाद अभियुक्त फरार हो गया - दोषसिद्धी की पुष्टि की गई। **80(i)** **147**

Sections 302 and 120B – Essentials of criminal conspiracy to commit murder.

धाराएं 302 एवं 120बी - हत्या कारित करने हेतु आपराधिक षड़यंत्र के आवश्यक तत्व।

81(i)* **148**

Section 304-B – See Section 113-B of the Evidence Act, 1872.

धारा 304-ख - देखें साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 113-ख। **82*** **150**

Section 306 – Accused was demanding his own lent money back from the deceased – No evidence that the accused was demanding an additional amount even after repayment of the entire loan amount by deceased – It cannot be said that accused abetted the deceased to commit suicide.

धारा 306 - अभियुक्त स्वयं द्वारा दी गई उधार राशि मृतक से वापस मांग रहा था - ऐसी कोई साक्ष्य नहीं कि अभियुक्त मृतक द्वारा संपूर्ण ऋण राशि अदा कर देने के बाद भी अतिरिक्त राशि की मांग कर रहा था - यह नहीं कहा जा सकता कि अभियुक्त ने मृतक को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किया।

83 **150**

Section 306 – Alleged act of insulting deceased by using abusive language by accused, will, by itself, not constitute abetment of suicide – There should be evidence capable of suggesting that accused intended by such act to instigate deceased to commit suicide.

INSURANCE ACT, 1938

बीमा अधिनियम, 1938

LAND ACQUISITION ACT, 1894

भू-अर्जन अधिनियम, 1894

Sections 4, 6, 11 and 16 – Suit for declaration of title and permanent injunction is not maintainable against the acquisition proceedings under the act and only remedy available is to either challenge the acquisition proceedings as being against the provisions of the Act or to claim compensation payable under the Act.

धाराएं 4, 6, 11 एवं 16 - अधिनियम के अधीन अर्जन कार्यवाहियों के विरूद्ध स्वत्व घोषणा व स्थाई निषेधाज्ञा का दावा प्रचलनीय नहीं है तथा एकमात्र उपचार या तो अर्जन कार्यवाहियों को अधिनियम के प्रावधानों के विरूद्ध होने से चुनौती देना या अधिनियम के अधीन देय प्रतिकर का दावा करना है।

87(i)* **161**

MOTOR VEHICLES ACT, 1988

मोटरयान अधिनियम, 1988

Section 50 r/w/s 2 (30) – Upon transfer of vehicle the person in whose name the vehicle stands registered in RTO records is treated to be the registered owner, even if possession handed over to transferee after receiving consideration and he is liable to pay compensation as long his name continues in RTO records.

धारा 50 सहपठित धारा 2 (30) - वाहन के अंतरण में जिस व्यक्ति के नाम पर मोटरयान, आरटीओ अभिलेखों में पंजीकृत होता है, उसे स्वामी माना जाता है, चाहे प्रतिफल प्राप्त करने के बाद अंतरिति को आधिपत्य दे दिया गया हो और वह क्षतिपूर्ति अदा करने हेतु दायी होगा जब तक उसका नाम आरटीओ अभिलेखों में बना रहता है। **88*** **162**

Section 147 – Due to effect of Section 64VB of the Insurance Act and Section 147 of Motor Vehicle Act, insurance Company cannot postpone the liability after receipt of premium and is liable to pay compensation.

धारा 147 - बीमा अधिनियम की धारा 64VB एवं मोटर यान अधिनियम की धारा 147 के प्रभाव के कारण, बीमा कंपनी प्रीमियम की राशि प्राप्त करने के बाद दायित्व को स्थगित नहीं कर सकती और प्रतिकर अदा करने के दायित्वाधीन है। **89** **162**

Section 147 – When claimant traveling in the tractor as a passenger in breach of policy, insurance company is not liable but directed to pay the compensation with liberty to recover it from the owner.

धारा 147 - पॉलिसी के उल्लंघन में जब दावेदार ट्रैक्टर में यात्री के रूप में यात्रा कर रहा था, तब बीमी कंपनी दायित्वाधीन नहीं है पर स्वामी से वसूल करने की स्वतंत्रता के साथ प्रतिकर अदा करने हेतु निर्देशित किया गया। **90** **165**

Section 147 – On accident by vehicle taken on hire by State Corporation whose conductor was provided by Corporation and driver, by owner, registered owner, Corporation and insurance company liable to pay compensation jointly and severally and corporation would be entitled to recover the amount from the owner as per the agreement between them.

धारा 147 - राज्य निगम द्वारा किराए पर लिए गए वाहन से दुर्घटना होने पर, जिसका परिचालक निगम द्वारा प्रदान किया गया था और चालक, स्वामी द्वारा, पंजीकृत स्वामी, निगम व बीमा कंपनी संयुक्ततः व पृथकतः क्षतिपूर्ति अदा करने के दायित्वाधीन हैं तथा उनके मध्य हुए करार के अनुसार निगम, स्वामी से राशि वसूल करने का हकदार होगा। **91*** **166**

Section 166 – Driving the vehicle by the deceased driver without a driving license, does not amount to contributory negligence on his part.

धारा 166 - मृतक चालक द्वारा बिना चालन अनुज्ञप्ति के वाहन चलाना उसकी स्वयं की ओर से योगदायी उपेक्षा नहीं है। **92*** **166**

Section 168 – Claimant's of deceased agriculturist who was also doing other work are entitled to future prospects in view of decision in ***National Insurance Company Limited v. Pranay Sethi, (2017) 16 SCC 680***.

धारा 168 - मृतक कृषक जो अन्य कार्य भी करता था, के दावेदार नेशनल इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटिड वि. प्रणय सेठी, (2017) 16 एससीसी 680, में दिए गए निर्णय अनुसार भविष्यवर्ती लाभ प्राप्त करने के हकदार हैं। **93*** **167**

Section 168 – (i) In relation to Future Prospects, law laid down in ***National Insurance Company Limited v. Pranay Sethi, (2017) 16 SCC 680,*** case should be followed.

(ii) Deduction for personal and living expenses from the income of the deceased bachelor where widowed mother and large number of younger non-earning sisters or brothers were dependent on his income may be restricted to one-third.

(iii) Aged father and non-earning brother/sister dependent on deceased would be entitled to compensation as his dependents.

(iv) The term 'Consortium' includes 'spousal consortium', 'parental consortium', and 'filial consortium'.

धारा 168 - (i) भविष्यवर्ती लाभ के संबंध में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड वि. प्रणय सेठी, (2017) 16 SCC 680, प्रकरण में प्रतिपादित विधि का अनुसरण किया जाना चाहिये।

(ii) अविवाहित मृतक की आय से व्यक्तिगत व जीवन निर्वाह व्यय कि की जाने वाली कटौती को, जहां विधवा मां और आय न अर्जित करने वाले बड़ी संख्या में भाई या बहन उसकी आय पर आश्रित थे, एक-तिहाई तक सीमित किया जा सकता है।

(iii) मृतक पर आश्रित वृद्ध पिता व गैर कमाऊ भाई-बहिन आश्रित के रूप में प्रतिकर पाने के हकदार हैं।

(iv) सहचर्य अभिव्यक्ति में 'दाम्पत्यिक सहचर्य', 'पैतृक सहचर्य' एवं 'सन्तान संबंधी सहचर्य' शामिल हैं।

94 **167**

MUSLIM LAW:

मुस्लिम विधि:

– Conditions for making valid and complete oral gift under Muslim Law.

- मुस्लिम विधि में वैध और पूर्ण मौखिक दान करने की शर्तें। **97(iii) 171**

NEGOTIABLE INSTRUMENTS ACT, 1881

परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881

Section 138 – Amendment of typographical errors can be made in a complaint filed u/S 138 of N.I. Act

धारा 138 - परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अधीन प्रस्तुत परिवाद में लेखन संबंधी त्रुटियों का संशोधन किया जा सकता है। **95* 170**

PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988

Section 13 – See Section 300 of the Criminal Procedure Code, 1973.

धारा 13 - देखें दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 300। **96* 170**

PROTECTION OF CHILDREN FROM SEXUAL OFFENCES ACT, 2012

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012

Sections 3 and 4 – See Section 3 of Evidence Act, 1872 and Section 302 of the Indian Penal Code, 1860.

धाराएं 3 एवं 4 - देखें साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 3 एवं भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 302।

68* 136

REGISTRATION ACT, 1908

रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908

Section 17 – See Section 58 (c) of the Transfer of Property Act, 1882.

धारा 17 - देखें संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 58 (ग)। **99* 177**

Sections 17, 49 and 50 – See Section 16 of the Contract Act, 1872.

धाराएं 17, 49 एवं 50 - देखें संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 16। **97 171**

SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES (PREVENTION OF ATROCITIES) ACT, 1989

अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989

Section 3(1)(x) – (i) Insult or intimidation must be with an intention to humiliate the victim in a public place for being a member of SC/ST community.

(ii) Word "Adiwasin" is not abusive enough to constitute offence u/S 3(1)(x) of the Act – "Adiwasin" means a female adiwasi or a female member of ST community beyond which no other meaning deserves to be ascribed to it.

धारा 3(1)(x) - (i) अनादर अथवा अभित्रास पीड़ित को एससी/एसटी समुदाय का सदस्य होने से अपमानित करने के आशय से लोक स्थान पर होना चाहिए।

(ii) शब्द ''आदिवासिन'' अधिनियम की धारा 3(1)(10) के अधीन अपराध गठित करने के लिए पर्याप्त अपमानजनक नहीं है - ''आदिवासिन'' का अर्थ है महिला आदिवासी या एसटी समुदाय की महिला सदस्य जिसके अतिरिक्त उस शब्द को अन्य कोई अर्थ देना उचित नहीं है। **98** **175**

TRANSFER OF PROPERTY ACT, 1882

संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882

Section 58 (c) – In registered sale deed no conditions of mortgage or of conditional sale mentioned and subsequent agreement of mortgage converting transaction into that of a conditional sale or mortgage, not registered – Such document is not admissible in evidence and cannot be relied upon in a suit for redemption of mortgage.

धारा 58 (ग) - पंजीकृत विक्रय अभिलेख में बंधक अथवा सशर्त विक्रय की शर्तें वर्णित नहीं तथा संव्यवहार को सशर्त विक्रय या बंधक में परिवर्तित करने का पश्चात का बंधक का करार पंजीकृत नहीं - ऐसा दस्तावेज साक्ष्य में ग्राहय नहीं है और बंधक मोचन हेतु वाद में निर्भरित नहीं किया जा सकता।

99* **177**

URBAN LAND (CEILING AND REGULATION) ACT, 1976

शहरी भूमि (अधिकतम सीमा एवं विनियमन) अधिनियम, 1976

Section 10(3) – Third party purchaser, purchasing property after issuance of notification u/S 10(3) of the Act, has no ***locus standi*** to claim the right in land.

धारा 10(3) - अधिनियम की धारा 10(3) के अधीन अधिसूचना जारी होने के बाद संपत्ति क्रय करने वाले व्यक्ति के पास उस भूमि पर दावा करने की कोई हैसियत नहीं होती है।

100* **178**

PART – IV
IMPORTANT CENTRAL/STATE ACTS & AMENDMENTS

संपादकीय

प्रदीप कुमार व्यास
संचालक

सम्माननीय पाठकगण,

यह अंक जब तक आपके पास पहुंचेगा तब तक कई न्यायाधीश महोदय अपनी नवीन पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण कर चुके होंगे। मैं उन सब न्यायाधीशगण को नवीन पदस्थापना सफलतापूर्वक, निर्विघ्न संपन्न हो ऐसी अग्रिम शुभकामनाएं देता हुं। जब भी कोई न्यायाधीश नवीन पदस्थापना के लिए प्रस्थान करें तो उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण लेकर जाना चाहिए। यदि स्थान विशेष के बारे में पूर्व से कोई छवि चाहे वह सकारात्मक या नकारात्मक बतलाई भी गई हो तो उससे प्रभावित नहीं होना चाहिए, ऐसा मेरा आग्रह है।

इस अंक में एक लेख दांडिक पुनरीक्षण पर शामिल किया गया है। सत्र न्यायाधीश एवं अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में दांडिक पुनरीक्षण दैनिक कार्य एक महत्वपूर्ण विषय होने से उस पर मेरे द्वारा तैयार एक लेख अपडेट करके शामिल किया गया है।

एक लेख वन्य जीव संरक्षण अधिनियम पर सुश्री स्वाती बजाज, विशेष कर्तव्य अधिकारी द्वारा तैयार किया गया है, उसे भी शामिल किया गया है जिससे इस अधिनियम के संबंध में नवीनतम विधिक स्थिति समझी जा सके।

माह फरवरी में अकादमी एवं जैव विविधता बोर्ड के संयुक्त प्रयास से एक कार्यशाला जैव विविधता अधिनियम, 2002 पर जागरुकता के लिए रखी गई थी जिसमें न्यायाधीशगण, अभियोजन अधिकारी, वन विभाग के अनुसंधान अधिकारी आदि ने एक साथ भाग लिया और विचारों का आदान-प्रदान किया।

इन दो माहों में बालक न्यायालय से संबंधित मुख्य बिन्दुओं पर एक कार्यशाला 2 और 3 मार्च को रखी गई थी। सायबर लाॅ पर एक कार्यशाला 8 एवं 9 मार्च को और एक कार्यशाला 15 एवं 16 मार्च को रखी गई थी। वर्ष 2017 बैच के सिविल जज वर्ग 2 का प्रथम रिफ्रेशर 11 मार्च, 2019 से 15 मार्च, 2019 तक रखा गया था जिसमें प्रथम बार 90 न्यायाधीश ने एक साथ भाग लिया। 25 मार्च, 2019 से 19 अप्रैल, 2019 तक इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम नवनियुक्त सिविल जज वर्ग 2 के लिए रखा गया है जिसमें 100 न्यायाधीशगण एक साथ शामिल होंगे।

इतनी अधिक संख्या में एक साथ, एक ही स्थान पर प्रषिक्षण के लिए न्यायाधीषगण का उपस्थित होना अकादमी के लिए एक नया अनुभव रहा है।

मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि अप्रैल, 2019 का यह अंक अप्रैल माह में ही आपके हाथ में होगा व भविष्य में भी हम प्रयास करेंगे कि संबंधित माह का अंक संबंधित माह में ही आपके पास पहुंचे।

पत्रिका के बारे में आपके अमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं।

We always worry about our looks, status, powers etc. but the truth is they neither matter to those who love us nor to those who do not love us.

– ANONYMOUS

"Success isn't always about greatness. It's about consistency. Consistent hard work leads to success.
Than Greatness will come."

– ANONYMOUS

F OLLOW
O NE
C OURSE
U NTIL
S UCCESS

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,
HIGH COURT OF M.P., JABALPUR



Foundation Course (First Phase) for District Judges (Entry Level) directly appointed from the Bar
(05.02. 2019 - 23.02.2019)



Advance Course for District Judges (Entry Level) (Promoted)
(11.02.2019 - 23.02.19)

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,
HIGH COURT OF M.P., JABALPUR

Workshop on – Law on Biodiversity and Forest Conservation
(23.02.2019)



Motivational Workshop for Advocates
(25.02.2019 - 28.02.2019)

TRANSFER OF HON'BLE SHRI JUSTICE PANKAJ KUMAR JAISWAL TO ALLAHABAD HIGH COURT

Hon'ble Shri Justice Pankaj Kumar Jaiswal, who occupied the august office of the Judge of the High Court of Madhya Pradesh for more than fourteen years, has been transferred to the High Court of Allahabad as Judge.

His Lordship was born on 24.09.1958. After obtaining LL.B. degree from NES College, Jabalpur, enrolled as an Advocate of M.P. State Bar Council in the year 1981 and started practice in the High Court of Madhya Pradesh at Jabalpur under his father, Shri M.L. Jaiswal, Senior Advocate of the High Court. His Lordship was Standing Counsel for many Corporations and Public Undertakings.

His Lordship was appointed as Judge of High Court of M.P. on 11.10.2004.

During His Lordship's tenure in the High Court of Madhya Pradesh, rendered valuable services as Judge, Administrative Judge and Member of various Administrative Committees of the High Court.

His Lordship was accorded farewell ovation on 3rd February, 2019 at Principal Seat of High Court of Madhya Pradesh, Jabalpur.

We on behalf of JOTI Journal wish His Lordship a very happy and successful tenure at Allahabad.

•

HON'BLE SHRI JUSTICE CHANDRAHAS SIRPURKAR DEMITS OFFICE

Hon'ble Shri Justice Chandrahas Sirpurkar has demitted office on His Lordship's attaining superannuation. His Lordship was born on March 4, 1957 at Chhindwara, Madhya Pradesh. Passed Matriculation and Graduation Examination in first division. Stood First Class First in LL.B. Final Year Examination in the year 1980 from University of Sagar. His Lordship after

obtaining LL.B degree, topped 1983 Batch of Civil Judges in Madhya Pradesh and joined as Civil Judge Class II on March 4, 1983.

As Judge of District Judiciary, His Lordship worked as Deputy Commissioner in the Office of Commissioner for the welfare of Bhopal Gas Victims, Bhopal. Also worked for a long time as Registrar Judicial and Central Project Coordinator for Madhya Pradesh. As Secretary to the Rule Committee of the High Court, was associated with drafting of the High Court of Madhya Pradesh Rules, 2008 and Rules under various other statutes. As Central Project Coordinator, for the State of Madhya Pradesh, was also associated with computerization of the High Court and District Courts. In aforesaid capacities, had opportunity of studying working patterns and application of Information and Communication Technology in the High Courts and Districts Courts in the states of Gujarat, Karnataka, Delhi, Andhra Pradesh, Tamil Nadu, and Orissa. Worked as Director of the State Judicial Academy and edited bimonthly journal JOTI.

His Lordship attended an advance course on the subject of Adult Learning Strategies in Canadian Judicial Institute in Ottawa, Canada. Before elevation to the High Court, worked as Principal Secretary to the Department of Law and Legislative Affairs, Government of M.P.

His Lordship was appointed as Additional Judge of the High Court of Madhya Pradesh on October 25th, 2014 and Permanent Judge on February 27th, 2016.

During His Lordship's tenure, rendered valuable services as Judge, Member of various Administrative Committees of the High Court including Committee for Overall Working of Judicial Officers' Training and Research Institute (MPSJA). His Lordship, addressed the participants of various training programmes/workshops conducted by the Academy on divergent topics on various occasions and provided wholehearted support to the Academy.

We on behalf of JOTI Journal, wish His Lordship a healthy, happy and prosperous life.

•

दाण्डिक पुनरीक्षण

-प्रदीप कुमार व्यास,
संचालक
म.प्र. राज्य न्यायिक अकादमी

जैसे ही कोई न्यायाधीश, सत्र न्यायाधीश या अपर सत्र न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होते हैं या नवनियुक्त होते हैं, उन्हें कुछ नई शक्तियाँ मिलती हैं। कुछ नये क्षेत्राधिकार मिलते हैं। उनमें से एक क्षेत्राधिकार दाण्डिक पुनरीक्षण का या Criminal revision का क्षेत्राधिकार होता है। दाण्डिक पुनरीक्षण को लेकर कई प्रश्न नवनियुक्त अपर सत्र न्यायाधीश महोदय के मन में उत्पन्न होते हैं जैसेः-

1. अंतवर्ती आदेश कौन से हैं?
2. अंतवर्ती आदेश की पहचान कैसे करेंगे?
3. यदि पुनरीक्षण अवधि बाधित है तो क्या प्रत्यर्थीगण को सुनना आवश्यक है?
4. प्रारंभिक तर्क सुनकर पुनरीक्षण को कब प्रारंभिक स्तर या मोशन में ही खारिज कर देना चाहिये?
5. यदि पुनरीक्षण अंतिम सुनवाई के लिये ग्राह्य कर ली है तो क्या प्रत्यर्थीगण को नोटिस देना आवश्यक है?
6. क्या पुनरीक्षण में तथ्यों का पुनर्मूल्यांकन कर सकते हैं?
7. क्या पुनरीक्षण में साक्ष्य का पुनर्मूल्यांकन कर सकते हैं?
8. पुनरीक्षणकर्ता अनुपस्थित हो जाये तो क्या करना है?
9. पुनरीक्षणकर्ता मर जाये तब क्या स्थिति होगी?
10. पक्षों में समझौता हो जाये तब क्या होगा?
11. पुनरीक्षण न्यायालय की शक्तियाँ क्या हैं? उन शक्तियों का विस्तार क्या है?

और ऐसे कई प्रश्न उत्पन्न होते हैं, यहाँ हम ऐसे ही विभिन्न प्रश्नों पर विचार करेंगे।

1. पुनरीक्षण का मूल प्रावधानः-

धारा 397(1) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अनुसार उच्च न्यायालय या कोई सेशन न्यायाधीश अपनी स्थानीय अधिकारिता के अन्दर स्थित किसी अवर या अधीनस्थ दाण्डिक न्यायालय के समक्ष की कार्यवाही के अभिलेख को, किसी अभिलिखित या पारित किये गये निष्कर्ष, दण्डादेश या आदेश की **शुद्धता, वैधता, या औचित्य** के बारे में और ऐसे अधीनस्थ न्यायालय की किन्हीं **कार्यवाहियों की नियमितता** के बारे में अपना समाधान करने के प्रयोजन से मंगा सकता है और उसकी परीक्षा कर सकता है और ऐसे अभिलेख मंगाते समय निर्देश दे सकता है कि अभिलेख की परीक्षा लंबित रहने तक किसी दण्डादेश का निष्पादन निलम्बित किया जाये और यदि अभियुक्त अभिरक्षा में है तो उसे जमानत पर या उसके अपने बंधपत्र पर छोड़ दिया जाये।

स्पष्टीकरण - सभी मजिस्ट्रेट चाहे वे कार्यपालक या न्यायिक और चाहे वे आरंभिक अधिकारिता का प्रयोग कर रहे हों या अपील अधिकारिता का, इस उपधारा के और धारा 398 के प्रयोजन के लिए सेशन न्यायाधीश से अवर या अधीनस्थ समझे जायेंगे।

धारा 397(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अनुसार उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त पुनरीक्षण की शक्तियों का प्रयोग किसी अपील, जांच, विचारण या अन्य कार्यवाही में पारित किसी अंतर्वर्ती आदेश के बावत् नहीं किया जायेगा।

धारा 397(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अनुसार यदि किसी व्यक्ति द्वारा इस धारा के अधीन आवेदन या तो उच्च न्यायालय को या सेशन न्यायाधीश को किया गया है तो उसी व्यक्ति द्वारा कोई और आवेदन उसमें से दूसरे के द्वारा ग्रहण नहीं किया जाये।

उक्त प्रावधान पुनरीक्षण के मूलभूत प्रावधान हैं जिसके तहत यह कार्यवाहियां सेशन न्यायाधीश के न्यायालय में प्रस्तुत होती हैं वे उसे अपर सेशन न्यायाधीश को भी अंतरित करते हैं।

दाण्डिक पुनरीक्षण को सुनने व निराकृत करने का कार्य सामान्यतः सत्र न्यायाधीश महोदय को अपने पास रखना चाहिए या उन अपर सत्र न्यायाधीश को अंतरित करना चाहिए जिनसे संबंधित मजिस्टेªट के बारे में वे वार्षिक गोपनीय चरित्रावली लिखते समय प्रतिवेदन लेना उचित मानते हैं क्योंकि दाण्डिक पुनरीक्षण से संबंधित मजिस्ट्रेट की कार्यप्रणाली का सतत् पर्यवेक्षण हो जाता है।

2. पुनरीक्षण के प्रावधान की प्रकृति:-

जिस तरह अपील एक वैधानिक अधिकार होता है, उस तरह पुनरीक्षण एक वैधानिक अधिकार नहीं है जिसमें विधि और तथ्य के प्रश्नों पर निराकरण की मांग की जा सके। पुनरीक्षण में अपवाद स्वरूप परिस्थितियों में आदेश में हस्तक्षेप किया जाता है। इस संबंध में न्याय दृष्टांत ***गोपाल विरूद्ध कन्हैयालाल, 1984 एम.पी.डब्ल्यू.एन. 452 एवं गोपाल विरूद्ध कन्हैया लाल, 1985 एम.पी.डब्ल्यू.एन. 27,*** अवलोकनीय है।

न्यायदृष्टांत ***श्री अंशदास हिन्दी विद्यापीठ विरूद्ध नारायण दास, 1986 (1), एम.पी.डब्ल्यू.एन. 209,*** के अनुसार पुनरीक्षण की शक्तियां विवेकाधिकार पर आधारित शक्तियां हैं।

न्यायदृष्टांत ***ओमप्रकाश विरूद्ध खच्चू राम, 1987 (1) डब्ल्यू.एन. 141,*** के अनुसार पुनरीक्षण का क्षेत्राधिकार पर्यवेक्षणीय प्रकृति का या सुपरवाईजरी नेचर का होता है।

न्यायदृष्टांत ***अमरचंद अग्रवाल विरूद्ध शांति बोस, ए.आई.आर. 1973 एस.सी. 799***, भी अवलोकनीय है जिसमें पुनरीक्षण की शक्तियों को विवेकाधिकार पर आधारित पर्यवेक्षणीय प्रकृति की शक्तियाँ माना गया है।

पुनरीक्षण की शक्तियाँ विस्तृत हैं लेकिन वैवेकीय हैं। ऐसी शक्तियों का प्रयोग अन्याय रोकने के लिये किया जा सकता है लेकिन ऐसी अवैधता जो मामले की जड़ तक नहीं जाती है उसमें ऐसी शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकते हैं। इस सम्बंध में न्यायदृष्टांत **जसवंत राई विरूद्ध स्टेट ऑफ हिमाचल प्रदेश, 2000 सी.आर.एल.जे.1970,** अवलोकनीय है।

3. प्रश्नाधीन आदेश की सत्यप्रतिलिपि लगाना:-

न्यायदृष्टांत ***राजकपूर विरूद्ध स्टेट देहली एडमीनिस्ट्रेशन, ए.आई.आर. 1980 एस.सी. 258,*** तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ के अनुसार पुनरीक्षण प्रक्रियात्मक तकनीकियों के कारण कि, आदेश की प्रतिलिपि संलग्न नहीं है, ग्राह्य न करना उचित नहीं माना गया। दण्ड प्रक्रिया संहिता में ऐसी प्रतिलिपि लगाना आवश्यक नहीं है। इस मामले में विचारण न्यायालय का अभिलेख आ चुका था फिर भी पुनरीक्षण प्रश्नाधीन आदेश की प्रतिलिपि न लगाने के आधार पर खारिज की गई थी।

न्यायदृष्टांत ***एस. भूपिन्दर सिंह विरूद्ध नरेन्द्र कौर, 1990 सी.आर.एल.जे. 2265,*** के अनुसार भी प्रश्नाधीन आदेश की प्रतिलिपि न होने के आधार पर पुनरीक्षण खारिज करना उचित नहीं माना गया।

उचित प्रक्रिया यह हो सकती है कि पुनरीक्षणकर्ता को ऐसी प्रतिलिपि पेश करने का या तो समय दे दिया जाये या यदि संबंधित न्यायालय उसी स्थान पर हो तो अभिलेख बुलवाकर भी प्रश्नाधीन आदेश देखा जा सकता है।

4. अभिलेख बुलवाना:-

विचारण न्यायालय का अभिलेख न होना घातक नहीं है। पुनरीक्षण के अध्याय में विचारण न्यायालय का अभिलेख बुलवाना आज्ञापक नहीं है।

प्रत्येक मामले में पुनरीक्षण आवेदन को दर्ज करने के पहले विचारण न्यायालय का अभिलेख मंगवाना आवश्यक नहीं है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत शंकर विरूद्ध जानाबाई, 1978 सीआरएलजे 888, अवलोकनीय है।

विचारण न्यायालय का अभिलेख अंतिम सुनवाई के समय ही बुलवाना अधिक उचित रहता है, इसे भी ध्यान रखना चाहिए।

5. परिसीमा का प्रश्न:-

परिसीमा अधिनियम 1963 के अनुच्छेद 131 के अनुसार जिस आदेश या दण्डादेश का पुनरीक्षण चाहा गया है उसके पारित होने की तारीख से **90 दिन** के अन्दर पुनरीक्षण पेश होना चाहिए।

न्यायदृष्टांत ***म्युनिसिपल कारपोरेशन ऑफ देहली विरूद्ध गिरधारी लाल, ए.आई.आर. 1981, एस.सी. 1169,*** के अनुसार पुनरीक्षण परिसीमा के तकनीकी आधार पर खारिज नहीं करना चाहिए। जहाँ न्याय की हानि हुई हो और आदेश अवैध प्रतीत होता हो वहाँ सौमोटो पावर का उपयोग भी किया जा सकता है।

सामान्यतः विलंबित पुनरीक्षण के साथ धारा 5 परिसीमा अधिनियम, 1963 का आवेदन लगा होता है और विलंब का कारण दर्शाया होता है जिस पर विचार करके न्यायालय उचित मामलों में विलंब क्षमा भी कर सकता है।

एक प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि क्या पुनरीक्षण अवधि बाधित है, तो विपक्षी को अर्थात प्रत्यर्थी को विलम्ब क्षमा करने के बिंदु पर धारा 5 परिसीमा अधिनियम के आवेदन का सूचनापत्र दिया जाना आवश्यक है।

मेरे विनम्र मत में सर्वप्रथम तो यह देख लेना चाहिये कि क्या पुनरीक्षण प्रथम दृष्ट्या प्रचलनशील है अर्थात यदि किसी अंतवर्ती आदेश के विरूद्ध यदि पुनरीक्षण की गई है तब उसे प्रारंभिक स्तर पर या मोशन में ही खारिज कर देना चाहिये और यदि प्रथम दृष्टया यह पाया जाता है कि पुनरीक्षण प्रचलनशील है तब यह प्रश्न उठता है कि क्या धारा 5 परिसीमा अधिनियम के आवेदन की सूचना प्रत्यर्थीगण को दी जाना चाहिये।

कुछ विद्वानों का मत है कि विलम्ब क्षमा करना न्यायालय और पुनरीक्षणकर्ता के बीच का विषय है और इसमें प्रत्यर्थी को सूचनापत्र देना आवश्यक नहीं है लेकिन कुछ विद्वानों का मत है कि ऐसा सूचनापत्र दिया जाना चाहिये। मेरे मत में विलम्ब क्षमा किया जाये या नहीं इस बिंदु पर प्रत्यर्थीगण को सुन लेना चाहिये क्योंकि **धारा 401(2)** दं.प्र.सं के अनुसार ऐसा कोई आदेश जो अभियुक्त या अन्य व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डालता हो तब तक नहीं किया जायेगा जब तक उसे स्वयं या उसके प्लीडर द्वारा सुने जाने का अवसर नहीं मिल चुका हो। यदि विलम्ब क्षमा किया जाता है तो यह आदेश निश्चित रूप से विपक्षी पर प्रतिकूल होगा और उसको सुने बिना पारित नहीं किया जाना चाहिये।

न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ महाराष्ट्र विरूद्ध शरदचंद्र विनायक डोंगरे, ए.आई.आर. 1995 एस.सी. 231, टी.रामचन्द्र राव विरूद्ध स्टेट ऑफ कर्नाटका, ए.आई.आर. 2002 एस.सी. 1856 एवं कृष्ण विरूद्ध स्टेट, 1977 सी.आर.एल.जे. 90 एम.पी.,*** में यह प्रतिपादित किया गया है कि विलम्ब क्षमा करने का आवेदन प्रसंज्ञान के पूर्व आता है, उस पर अभियुक्त को सुना जाना आज्ञापक है।

उक्त वैधानिक स्थिति के प्रकाश में विचार करें तो विलम्ब क्षमा करने पर विचार करने से पूर्व विपक्षी को सूचनापत्र दिया जाना चाहिये ताकि वह अपना पक्ष रख सके।

6. सुनवाई का अधिकार:-

धारा 403 दं.प्र.सं. के अनुसार इस संहिता में अभिव्यक्त रूप से जैसा उपबंधित है उसके सिवाय, जो न्यायालय अपनी पुनरीक्षण की शक्तियों का प्रयोग कर रहा है उसके समक्ष स्वयं या प्लीडर द्वारा सुने जाने का अधिकार किसी भी पक्षकार को नहीं है; किन्तु यदि न्यायालय ठीक समझता है तो वह ऐसी शक्तियों का प्रयोग करते समय किसी पक्षकार को स्वयं या उसके प्लीडर द्वारा सुन सकेगा।

धारा 401(2) दं.प्र.सं. के अनुसार इस धारा के अधीन कोई आदेश जो अभियुक्त या अन्य व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, तब तक न किया जायेगा जब तक की उसे अपनी प्रतिरक्षा में या तो स्वयं या प्लीडर द्वारा सुने जाने का अवसर न मिल चुका हो।

उक्त दोनों प्रावधानों को एक साथ पढ़ने से यह स्थिति स्पष्ट होती है कि पुनरीक्षण को अंतिम सुनवाई के लिए ग्राह्य कर लेने के बाद विपक्षी को सूचना पत्र जारी कर दिया जाना चाहिए क्योंकि पुनरीक्षण में सुनवाई योग्य प्रश्न पाये जाने पर ही उसे अंतिम सुनवाई के लिए ग्राह्य किया जाता है और उस समय यह कहना कठिन होता है जो अंतिम आदेश किया जायेगा वह अभियुक्त पर या विपक्षी पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला होगा या नहीं। अतः उचित परिपाटी यही हो सकती है कि पुनरीक्षण अंतिम सुनवाई के लिए ग्राह्य कर लिये जाने के बाद विपक्षी को सूचना पत्र जारी कर दिये जावें।

न्यायदृष्टांत ***उमा नाथ पाण्डे विरूद्ध स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश, (2009) 12 एस.सी.सी. 40,*** के मामले में एक प्रत्यर्थी ने पुनरीक्षण की थी जिसमें आवेदक और अन्य पक्षकारों को सूचना पत्र दिये बिना केवल प्रत्यर्थी क्रमांक 2 को सुनकर पुनरीक्षण का निराकरण किया गया था। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने इसे उचित नहीं माना और सभी पक्षकारों को सूचना पत्र करके फिर से पुनरीक्षण सुनकर निराकृत करने के निर्देश दिये।

न्यायदृष्टांत ***बाल मनोहर जालान विरूद्ध सुनील पासवान, (2014) 9 एस.सी.सी. 640,*** के अनुसार पुनरीक्षण में किसी व्यक्ति के विरूद्ध कोई आदेश पारित करने के पूर्व उसे सुना जाना आवश्यक है चाहे प्रश्नाधीन आदेश उसके कार्यवाही में शामिल हुये बिना पारित किया गया था। धारा 401(2) दं.प्र.सं. पर विचार करते हुए व न्यायदृष्टांत ***महावीर भाई एम. काकड़ीया विरूद्ध शैलेश भाई एम. पटेल, (2012) 10 एस.सी.सी. 517,*** को विचार में लेते हुए उक्त विधि प्रतिपादित की गई जिसमें धारा 202 एवं 203 दं.प्र.सं को भी विचार में लिया गया था।

न्यायदृष्टांत ***ज्ञानसिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2018 (2) ए.एन.जे. एम.पी. 173*** के अनुसार धारा 401(2) दं.प्र.सं. में प्रयुक्त शब्द ''अन्य व्यक्ति'' में परिवादी/सूचनाकर्ता भी सम्मिलित है। पुनरीक्षण परिवादी को प्रत्यर्थी के रूप में संयोजित किये बिना एवं उसे सुनवाई का अवसर दिये बिना स्वीकार नहीं करना चाहिये।

उक्त वैधानिक स्थिति से भी यही स्पष्ट होता है कि पुनरीक्षण में विपक्षीगण को सुनना आवश्यक होता है।

7. अपील न करने पर स्थिति:-

धारा 401(4) दं.प्र.सं. के अनुसार जहाँ इस संहिता के अधीन अपील हो सकती है किन्तु कोई अपील नहीं की जाती है, वहाँ उस पक्षकार की प्रेरणा पर जो अपील कर सकता था, **पुनरीक्षण की कोई कार्यवाही ग्रहण नहीं की जाएगी।**

न्यायदृष्टांत ***संतोष कुमार विरूद्ध जयदका गैस एजेंसी, दांडिक पुनरीक्षण 1296/15, आदेश दिनांक 4.12.15 जबलपुर बैंच,*** के अनुसार जहां दोषमुक्ति के विरूद्ध अपील की जा सकती है, वहां धारा 401(4) के प्रकाश में पुनरीक्षण ग्राह्य नहीं होती है।

8. उच्च न्यायालय व सेशन न्यायालय दोनों में पुनरीक्षण:-

धारा 402 दं.प्र.सं. के अनुसार जहाँ एक ही विचारण में दोषसिद्ध एक या अधिक व्यक्ति पुनरीक्षण के लिए आवेदन उच्च न्यायालय में करते हैं और उसी विचारण में दोषसिद्ध कोई अन्य व्यक्ति पुनरीक्षण के लिए आवेदन सेशन न्यायाधीश को करते हैं, तब उच्च न्यायालय पक्षकारों की सुविधा और अंर्तग्रस्त प्रश्नों के महत्व को ध्यान में रखते हुए यह विनिश्चय करेगा कि कौन सा न्यायालय पुनरीक्षण के आवेदनों को अंतिम रूप से निपटायेगा और यदि उच्च न्यायालय स्वयं निपटाना उचित मानती है तो वह सेशन न्यायालय की कार्यवाहियों को भी अपने यहाँ मंगा सकेगी और निराकरण कर सकेगी या अपने यहाँ की कार्यवाहियों को सेशन न्यायालय को निपटारे के लिए भेज सकेंगी।

न्यायदृष्टांत ***मोहम्मद हनीफ खान विरूद्ध समीम बेगम, 1977 सी.आर.एल.जे. 116,*** के अनुसार यदि किसी पक्षकार ने सेशन न्यायालय में पुनरीक्षण यह कहकर खारिज करवा लिया कि वह

उसे **चलाना नहीं चाहता है** तो वह उच्च न्यायालय में **द्वितीय पुनरीक्षण** का आवेदन फाइल नहीं कर सकता है।

लेकिन यदि कोई पक्षकार सेशन न्यायाधीश के न्यायालय से पुनरीक्षण वापस ले लेता है तो वह उच्च न्यायालय में पुनरीक्षण प्रस्तुत कर सकेगा। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***हरक सिंह विरूद्ध लालू मणि, 1977 सी.आर.एल.जे. 723 पटना,*** अवलोकनीय है।

लेखक के मत में पुनरीक्षणकर्ता से इस सम्बंध में पूछताछ की जा सकती है कि, यह उसकी प्रथम पुनरीक्षण है, इसके अलावा उसने और कोई पुनरीक्षण सत्र न्यायालय में या उच्च न्यायालय में न तो पेश की है, न लंबित है और न निराकृत हुई है। जमानत आवेदन की तरह पुनरीक्षण में भी प्रथम आदेश पत्र में इस बारे में उल्लेख किया जा सकता है।

9. अंतर्वर्ती आदेश क्या है?

न्यायदृष्टांत ***भास्कर इंडस्ट्रीज लिमिटेड विरूद्ध भिवानी डैनिम, 2003 (1) जे.एल.जे. 56 एस.सी.,*** के मामले में यह प्रतिपादित किया गया है कि कोई आदेश मात्र इस कारण अंतर्वर्ती आदेश नहीं हो जाता है कि वह प्रकरण की अंतर्वर्ती अवस्था में पारित किया गया है बल्कि इसका सुरक्षित परीक्षण यह है कि पुनरीक्षण करने वाले पक्षकार का पक्ष मान लिया जाता है तो दाण्डिक कार्यवाही उस बिन्दु पर समाप्त हो जाएगी। यदि ऐसा होता है तो आदेश अंतर्वर्ती आदेश नहीं कहलाता है।

इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***मधु लीमिये विरूद्ध स्टेट ऑफ महाराष्ट्र, ए.आई.आर. 1978 एस.सी. 47,*** तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ का न्यायदृष्टांत भी अवलोकनीय है जिसमें यह परीक्षण बतलाया गया है कि ऐसा आदेश जिसमें किसी बिन्दु पर अभियुक्त के पक्ष को अस्वीकार कर दिया गया हो, यदि स्वीकार कर लिया जाये तब कार्यवाही समाप्त हो जाएगी, ऐसे आदेश को निश्चित रूप से अंतर्वर्ती आदेश नहीं कहा जा सकता।

इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***बी.सी. शुक्ला विरूद्ध स्टेट, थ्रू सी.बी.आई., ए.आई.आर. 1980 एस.सी. 962,*** चार न्यायमूर्तिगण की पीठ, ***राजेन्द्र कुमार सीताराम पांडे विरूद्ध उत्तम, 1999 (3) एस.सी.सी. 134, के.के. पटेल विरूद्ध स्टेट ऑफ गुजरात, (2000) 6 एस.सी.सी. 195, एवं अमरनाथ विरूद्ध स्टेट ऑफ हरियाणा, ए.आई.आर. 1977 एस.सी. 2185,*** भी अवलोकनीय है।

उक्त ***मधु लीमिये*** वाले मामले में यह भी कहा गया है कि सामान्यतः अंतर्वर्ती आदेश को अंतिम आदेश के विपरीत समझा जाता है लेकिन ऐसा अर्थ और यह सिद्धांत कि जो अंतिम आदेश नहीं हैं, वे अंतर्वर्ती आदेश हैं यह न्याय संगत नहीं है। यदि ऐसा माना गया तो यह पुनरीक्षण की शक्तियों के लिए घातक होगा और यह विधायिका का आशय भी नहीं है।

उक्त ***बी.सी. शुक्ला*** वाले मामले में यह भी कहा गया कि अंतर्वर्ती शब्द का नर्मरूख लेकर अर्थ लगाना चाहिए।

न्यायदृष्टांत ***स्टेट विरूद्ध एन.एम.टी. जॉय, (2004) 5 एस.सी.सी. 729*** में अंतर्वर्ती आदेश शब्द को विभिन्न न्यायदृष्टांतों पर विचार करते हुए स्पष्ट किया गया है।

9 (ए). अंतर्वर्ती आदेश का परीक्षण:-

अंतर्वर्ती आदेश की मुख्य पहचान यह है कि यदि पुनरीक्षणकर्ता का पक्ष विचारण न्यायालय द्वारा स्वीकार कर लिया जाता तो दांडिक कार्यवाही वहीं समाप्त हो जाती। यदि ऐसा है तो संबंधित आदेश अंतर्वर्ती आदेश नहीं माना जाता है जैसे पुनरीक्षणकर्ता का पक्ष था कि उसके विरूद्ध कोई आरोप नहीं बनते हैं उसे उन्मोचित कर दिया जावे लेकिन विचारण न्यायालय उस पर आरोप विरचित कर देती है। यदि पुनरीक्षणकर्ता का पक्ष मान लिया जाता और उसे उन्मोचित कर दिया जाता तो दांडिक कार्यवाही उसी बिंदु पर समाप्त हो जाती।

यदि पुनरीक्षणकर्ता का पक्ष विचारण न्यायालय द्वारा मान लिया जाता तब भी दांडिक कार्यवाही समाप्त नहीं होती, यदि ऐसी स्थिति है तो संबंधित आदेश एक अंतर्वर्ती आदेश माना जायेगा, जैसे यदि पुनरीक्षणकर्ता का पक्ष यह है कि उसे जमानत पर रिहा कर दिया जावे लेकिन विचारण न्यायालय उसका जमानत आवेदन खारिज कर देती है। यदि पुनरीक्षणकर्ता का पक्ष मान लिया जाता और उसे जमानत का लाभ दे दिया जाता तब भी दांडिक कार्यवाही समाप्त नहीं होती।

यह अंतर्वर्ती आदेश का एक मुख्य परीक्षण है।

एक और परीक्षण यह है कि यदि आदेश स्थिर रहा तो न्याय की गंभीर हानि होगी। आदेश की शुद्धता, वैधता या औचित्य के बारे में इस तरह की कमी है जो न्याय की हानि होने की श्रेणी में आता है जैसे क्षेत्राधिकार के बिना पारित आदेश, ऐसी अवैधता जो मामले की जड़ तक जाती हो आदि। यदि ऐसी स्थिति है तब यदि दांडिक कार्यवाही समाप्त नहीं भी होती है तब भी आदेश को अंतर्वर्ती आदेश नहीं माना जायेगा।

यह आदेश की प्रकृति का पता लगाने का दूसरा परीक्षण है।

अतः मेरा आग्रह है कि प्रत्येक सत्र न्यायाधीश एवं अपर सत्र न्यायाधीश, प्रश्नाधीन आदेश को गंभीरतापूर्वक पढ़कर निम्न दो प्रश्न पर समाधान करें:-

1. पहला, क्या पुनरीक्षणकर्ता का पक्ष विचारण न्यायालय द्वारा मान लिया जाता तो दांडिक कार्यवाही समाप्त हो जाती?

2. दूसरा, दांडिक कार्यवाही तो समाप्त नहीं होती लेकिन आदेश ऐसा है जिसमें उसकी शुद्धता, वैधता, औचित्य या क्षेत्राधिकार के उपयोग के संबंध में ऐसी कमी है कि यदि आदेश स्थिर रहा तो क्या न्याय की गंभीर हानि होगी?

इस प्रकार विचार करेंगे तभी धारा 397(2) दं.प्र.सं. संशोधन करके जोड़ने का उद्देश्य प्राप्त हो सकेगा।

10. कौन से आदेश अंतर्वर्ती होते हैं?

प्रायः सत्र न्यायालय के सामने और अपर सत्र न्यायालय के सामने यह प्रश्न उपस्थित होते हैं कि कौन-कौन से आदेश अंतर्वर्ती आदेश होते हैं। यदि एक सूची उनके सामने उपलब्ध हो तो एट ए ग्लांस या एक दृष्टि में पुनरीक्षण सामने आते ही यह पता लग सकता है कि प्रश्नगत आदेश अंतर्वर्ती आदेश है या नहीं। यहाँ ऐसे ही कुछ आदेश के बारे में विवरण देंगे।

(1) जमानत आदेश:-

जमानत आदेश एक अंतर्वर्ती आदेश होता है। उसके विरूद्ध पुनरीक्षण ग्राह्य नहीं होती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***पवन विरूद्ध हरभजन सिंह, 2012 (1) एम.पी.एच.टी. 487, अवलोकनीय है। न्यायदृष्टांत अमरनाथ विरूद्ध स्टेट ऑफ हरियाणा, ए.आई.आर. 1977 एस.सी. 2185 निर्णय चरण 6, रामनरेश सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 1995 सी.आर.एल.जे. 2523 एवं स्टेट ऑफ एम.पी. विरूद्ध मानिक लाल शाह, 1994 जे.एल.जे. 436*** के अनुसार जमानत स्वीकार करने का आदेश एक अंतर्वर्ती आदेश होता है, उसके विरूद्ध धारा 397(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रकाश में पुनरीक्षण ग्राह्य नहीं होती है।

जमानत में शर्त लगाने का आदेश अंतर्वर्ती आदेश होता है। इस संबंध मे न्यायदृष्टांत ***लक्ष्मी विरूद्ध स्टेट ऑफ यू.पी., 1978 सी.आर.एल.जे. 51,*** अवलोकनीय है।

जमानत देने, जमानत न देने, जमानत निरस्त करने के आदेश अंतर्वर्ती आदेश होते हैं। उनके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होता है। इस संबंध में ***ठाकुर वी. हरिप्रसाद विरूद्ध स्टेट ऑफ ए.पी., 1977 सी.आर.एल.जे. 471,*** अवलोकनीय है।

लेखक के मत में जमानत चाहे वह धारा 167(2), 436, 437, 437ए, 437(6), 438, 439 दं.प्र.सं., 1973 में से किसी भी प्रावधान में दी गई हो या खारिज की गई हो तो उसके विरूद्ध पुनरीक्षण प्रचलन योग्य नहीं होती है क्योंकि यदि जमानत उचित रूप से नहीं दी गई है तो उसके लिए जमानत निरस्ती के प्रावधान धारा 437(5) एवं 439(2) दं.प्र.सं. के तहत उपलब्ध हैं और यदि जमानत अस्वीकार की गई है तब भी वरिष्ठ न्यायालय में जाने के लिए धारा 439 दं.प्र.सं. का मार्ग खुला रहता है। इसके अतिरिक्त जमानत देने या न देने से कार्यवाही अंतिम रूप से समाप्त नहीं होती है व पक्षकारों के अधिकारों का अंतिम रूप से निराकरण नहीं होता है। अतः यह संदेह मन से निकाल लेना चाहिए कि जमानत आदेश की शुद्धता, वैधता और औचित्य देखने के लिए पुनरीक्षण ग्राह्य की जा सकती है।

(2) धारा 91 एवं 311 सी.आर.पी.सी. के आवेदन पर आदेश:-

धारा 138 एन.आई. एक्ट के मामले में एक आवेदन पत्र अभियुक्त ने धारा 91 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत दस्तावेज प्रस्तुत करने और धारा 311 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत साक्षियों को पुनः प्रतिपरीक्षण के लिए बुलाने का आवेदन पेश किया। विचारण न्यायालय ने दोनों आवेदन निरस्त किये। उच्च न्यायालय ने आवेदन स्वीकार किये। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह मत दिया कि धारा 91 एवं 311 दण्ड प्रक्रिया संहिता के आवेदन पर पारित आदेश अंतर्वर्ती आदेश होते हैं और उनके विरूद्ध पुनरीक्षण धारा 397(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत ग्राह्य नहीं होती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***सेथुरमन विरूद्ध राजा मानिक्कम, (2009) 5 एस.सी.सी. 153*** अवलोकनीय है।

इस मामले में यह कहा गया है कि इन आवेदनों पर पारित आदेश किसी भी तथ्य को अंतिम रूप से निराकृत नहीं करते हैं, इनके विरूद्ध की गयी पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती है।

न्यायदृष्टांत ***दीपक विश्वकर्मा विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2014 (4) एम.पी.जे.आर.एस.एन. 20*** के अनुसार गवाह को पुनः बुलाने से इंकार करने के आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण - विचारण न्यायालय ने अभियोजन गवाहों को प्रतिपरीक्षित करने व बचाव गवाहों के परीक्षण का पूर्ण अवसर पहले ही दे दिया गया था, ऐसे में न्याय की हानि के तर्क में पुनरीक्षण स्वीकार नहीं की जा सकती।

मजिस्ट्रेट द्वारा धारा 94 दं.प्र.सं. 1898, अब 91 दं.प्र.सं. के अधीन किसी दस्तावेज को पेश करने पर असमर्थता प्रकट करने पर भी संबंधित व्यक्ति को न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश एक अंतर्वर्ती आदेश है और उसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***परमेश्वरी देवी विरूद्ध राज्य, ए.आई.आर. 1977 एस.सी. 403*** तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ का न्यायदृष्टांत अवलोकनीय है।

(3) गवाह को पक्ष विरोधी घोषित करने से इन्कार करना:-

न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ एम.पी. विरूद्ध लक्ष्मण प्रसाद सिंह, 1996 (2) डब्ल्यू.एन. 110,*** के अनुसार गवाह को पक्ष विरोधी घोषित करने से इन्कार करने का आदेश एक अन्तरिम प्रकृति का होता है जिसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होता है।

(4) धारा 408 दण्ड प्रक्रिया संहिता का आदेश:-

धारा 408 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत सेशन न्यायाधीश को मामला अंतरित करने का आवेदन दिया गया जो निरस्त कर दिया गया। उसके विरूद्ध पुनरीक्षण ग्राह्य नहीं होगी क्योंकि धारा 407 (2) दण्ड प्रक्रिया संहिता के परन्तुक के तहत संबंधित पक्ष उच्च न्यायालय को आवेदन कर सकता है। इस संबध में न्यायदृष्टांत ***अनीता शर्मा विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., आई.एल.आर. 2012 एम.पी. 608***, अवलोकनीय है।

(5) गवाह को समन करना, प्रकरण स्थगित करना, प्रतिवेदन बुलवाना:-

न्यायदृष्टांत ***अमरनाथ विरूद्ध स्टेट ऑफ हरियाणा, ए.आई.आर. 1977 एस.सी. 2185*** निर्णय चरण 6, के अनुसार गवाह को समन करने का आदेश देना, प्रकरण को स्थगित करना या प्रकरण में तिथि बढ़ाना, प्रतिवेदन बुलवाना और ऐसे ही अन्य कदम जो प्रकरण में सहायक होते हैं, धारा 397(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत अंतर्वर्ती आदेश होते हैं।

किसी परीक्षित गवाह को प्रतिपरीक्षण के लिए पुनः तलब करने का आवेदन खारिज करना एक अंतर्वर्ती आदेश है और उसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं पाया गया। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***द्वारका दास विरूद्ध स्टेट ऑफ हिमाचल प्रदेश, 1980 सी.आर.एल.जे. 1018,*** अवलोकनीय है।

(6) अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में देने का आदेश:-

अभियुक्त को धारा 167 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत पुलिस अभिरक्षा में देने के आदेश को अंतर्वर्ती आदेश माना गया है। इस आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***स्टेट विरूद्ध एन.एच.टी. जॉय, ए.आई.आर. 2004 एस.सी. 2282,*** तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ अवलोकनीय है।

(7) प्रतिपरीक्षण में असंगत प्रश्न की अनुमति न देना:-

न्यायदृष्टांत ***सुन्दरलाल पटवा विरूद्ध दिग्विजय सिंह, 2003 (1) एम.पी.एल.जे. 200,*** के अनुसार विचारण न्यायालय ने संदर्भ से परे एवं विषय की वास्तविकता से असंगत प्रश्न पूछने की अनुमति नहीं दी। इसे अंतर्वर्ती आदेश माना गया और यह प्रतिपादित किया गया कि ऐसे आदेश में तब तक हस्तक्षेप नहीं किया जाता जब तक कि इसके कारण घोर अन्याय न हुआ हो और हस्तक्षेप से कार्यवाही समाप्त हो जाती हो।

(8) सर्च वारंट जारी करने का आदेश:-

न्यायदृष्टांत ***हरक सिंह विरूद्ध लालूमणि, 1977 सी.आर.एल.जे. 723 पटना,*** के अनुसार अवयस्क के लिए तलाशी वारंट जारी करने का आदेश अंतर्वर्ती आदेश है। उसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती है।

(9) धारा 156(3) दं.प्र.सं. का आदेशः-

न्यायदृष्टांत ***नाथन विरूद्ध वेथीनाथन, 1975 सी.आर.एल.जे. 994, फादर थामस विरूद्ध स्टेट, 2011 सी.आर.एल.जे. 2278 इलाहाबाद फुल बैंच एवं अयूब विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., आई.एल.आर. 2009 एम.पी. 1484,*** के अनुसार किसी परिवाद को धारा 156(3) दं.प्र.सं. के तहत अन्वेषण और रिपोर्ट के लिए भेजना अंतर्वर्ती आदेश है और उसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती है।

(10) व्यक्तिगत उपस्थिति से मुक्ति देना:-

न्यायदृष्टांत ***एन. दिनेशन विरूद्ध के.वी. बेदी, 1981 सी.आर.एल.जे. 1551,*** के अनुसार किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत उपस्थिति से मुक्ति देने का आदेश एक अंतर्वर्ती आदेश होता है जिसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती।

(11) मजिस्ट्रेट द्वारा मामला धारा 209 दं.प्र.सं. के तहत सुपुर्द कराना:-

न्यायदृष्टांत ***बिमल कुमार विरूद्ध स्टेट, 1976 सी.आर.एल.जे. 1864 डी.बी. कलकत्ता,*** के अनुसार मजिस्ट्रेट द्वारा धारा 209 दं.प्र.सं. के तहत मामला सत्र न्यायालय को सुपुर्द करने का आदेश एक अंतर्वर्ती आदेश होता है जिसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती है।

(12) धारा 202 दं.प्र.सं. के तहत जाँच का आदेश:-

मजिस्ट्रेट द्वारा धारा 202 दं.प्र.सं. के तहत जाँच करने का आदेश एक अंतर्वर्ती आदेश होता है जिसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***श्री नागेश्वर विरूद्ध स्टेट, 1978 सी.आर.एल.जे. एन.ओ.सी. 57 पटना,*** अवलोकनीय है।

(13) धारा 123 भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अधीन आदेश:-

धारा 123 भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत सरकार के दस्तावेज पेश करने के विशेषाधिकार संबंधी पक्ष को मंजूर या नामंजूर करने का आदेश एक अंतर्वर्ती आदेश होता है और उसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***मनोहन नाथ विरूद्ध स्टेट ऑफ जम्मू कश्मीर, 1980 सी.आर.एल.जे. 292 एफ.बी.,*** अवलोकनीय है।

(14) अभियोजन की मंजूरी की वैधता को उचित ठहराने वाला आदेश:-

ऐसा आदेश अंतर्वर्ती आदेश होता है जिसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***डी. पास्कले विरूद्ध स्टेट, 1977 सी.आर.एल.जे. एन.ओ.सी. 92,*** अवलोकनीय है।

(15) अपमिश्रित नमूने को सी.एफ.एल. भेजने का आदेश:-

नमूने के अन्य भाग को परीक्षण के लिए केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला भेजने का आदेश एक अंतर्वर्ती आदेश होता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***जगदीश विरूद्ध कारपोरेशन ऑफ कलकत्ता, 1979 सी.आर.एल.जे. 1303 डी.बी.,*** अवलोकनीय है।

(16) परिवाद का वापस किया जाना:-

परिवाद का वापस किया जाना एक न्यायिक आदेश नहीं माना गया है बल्कि प्रशासकीय आदेश माना गया है। वैसे भी परिवाद वापस करने में प्रकरण अंतिम रूप से निराकृत नहीं होता है। अतः ऐसे आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती है।

(17) खात्मा मंजूर:-

खात्मा मंजूर करने के आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती है क्योंकि पुनरीक्षणकर्ता न्यायालय में खात्मा का सूचना पत्र मिलने पर प्रोटैस्ट पिटिशन लगा सकता था।

(18) प्रमाण समाप्त करना:-

परिवादी को प्रमाण के कई अवसर दिये गये। उसने गवाहों को समंस करने के लिये कोई कदम नहीं उठाये। दोषमुक्ति का आदेश पारित किया गया। ऐसे आदेश के विरूद्ध धारा 378(4) दं.प्र.सं. के तहत अपील होगी। पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं है। इस सम्बंध में न्यायदृष्टांत ***हिम एडवांस एंड सेविंग प्राईवेट लिमि. विरूद्ध रवीन्द्र कुमार गुप्ता, 2002 सी.आर.एल.जे. 4741 हिमाचल प्रदेश*** अवलोकनीय है।

(19) किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015:-

अधिनियम की धारा 102 के तहत किशोर न्याय बोर्ड द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण उच्च न्यायालय में होती है। इसे ध्यान में रखना चाहिये।

(20) एक पक्षीय भरण पोषण आदेश:-

यदि मजिस्ट्रेट ने भरण-पोषण का आदेश एक पक्षीय पारित किया है और पति ने धारा 126(2) दं.प्र.सं. के तहत उसे अपास्त करने का आवेदन नहीं दिया है तो पुनरीक्षण प्रचलन योग्य नहीं होती है।

इस सम्बंध में न्यायदृष्टांत ***वनीता मारू विरूद्ध माणक चंद्र, (1984) 1 डी.एम.सी. 460 (एम.पी.),*** अवलोकनीय है।

(21) समन मामले में अपराध विवरण सुनाने के विरूद्ध पुनरीक्षण:-

धारा 138 एन.आई. एक्ट या अन्य समन मामलों में अपराध की विशिष्टियाँ सुना देने के बाद उस आदेश के विरूद्ध कई बार पुनरीक्षण प्रस्तुत होती है, लेकिन ऐसी पुनरीक्षण प्रचलन योग्य नहीं होती हैं क्योंकि समन मामले में उन्मोचन या डिस्चार्ज की कोई स्टेज नहीं होती है। **धारा 251 से धारा 259 दं.प्र.सं., 1973** में कहीं भी उन्मोचन का कोई प्रावधान नहीं है। अतः समन मामले में एक बार

अपराध की विशिष्टियाँ सुना देने के बाद अध्याय 20 दं.प्र.सं. के तहत समन विचारण प्रक्रिया अपनाना होती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***सुब्रमण्यम सेथुरमन विरूद्ध स्टेट ऑफ महाराष्ट्र, 2005 (1) एम.पी.एल.जे. 260 (एस.सी.),*** अवलोकनीय है। अतः यह ध्यान रखना चाहिये कि समन विचारण मामलों में अपराध की विशिष्टियाँ सुना देने के विरूद्ध यदि पुनरीक्षण आती है तो उसे प्रारंभिक स्तर पर ही उक्त विधिक स्थिति के प्रकाश में खारिज कर देना चाहिये।

22. धारा 207 दंप्रसं का आदेश:-

धारा 207 दं.प्र.सं. के तहत प्रतिलिपी दिये जाने से इंकार करने का आदेश एक अंतर्वर्ती आदेश है और उसके विरूद्ध पुनरीक्षण प्रचलन योग्य नहीं होती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***नवल सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2007 लॉ सूट एमपी. 40,*** अवलोकनीय है जिसमें उक्त न्यायदृष्टांत ***मधु लिमये, व्ही.सी. शुक्ला*** एवं ***सेतु रमन*** को विचार में लिया गया है।

23. धारा 210 दं.प्र.सं के तहत पारित आदेश:-

धारा 210 दं.प्र.सं. के तहत परिवाद और पुलिस चालान को समेकित करने का आदेश एक अंतर्वर्ती आदेश है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***रामचंद्र प्रसाद विरूद्ध रामशरण शर्मा, 1979 सी.आर.एल.जे.एन.ओ.सी. 198,*** अवलोकनीय है।

24. धारा 274 दं.प्र.सं. के अधीन ओदश:-

धारा 274 दं.प्र.सं. के तहत पारित आदेश अंतर्वर्ती आदेश है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***गुरुवचन विरूद्ध दीदार, 1977 सी.आर.एल.जे. एन.ओ.सी. 165,*** अवलोकनीय है।

25. धारा 256 दं.प्र.सं. में पारित आदेश:-

न्यायदृष्टांत ***नरेन्द्र कुमावत विरूद्ध रंजीत, आई.एल.आर. 2017 एम.पी. 159***, के अनुसार समन मामले में परिवाद खारिज करने के आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण - धारा 256 दं.प्र.सं. के अनुसार समन मामले में परिवाद खाारिज होना दोषमुक्ति की श्रेणी में आता है। अतः ऐसे आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती है। धारा 378(4) दं.प्र.सं. के तहत अपील करनी होती है।

26. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अधीन आदेश:-

इस अधिनिमय में धारा 29 में सत्र न्यायायल में अपील का प्रावधान है और ऐसी अपील अंतिम आदेशों के विरूद्ध की जा सकती है। अतः अंतिम आदेशों के विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती है।

इस अधिनियम में पुनरीक्षण का कोई प्रावधान नहीं है लेकिन धारा 28 के तहत शेष मामलों में दं.प्र.सं. के प्रावधान लागू होते हैं। अतः अंतरिम आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण उक्त कसौटियों को ध्यान में रखते हुए चलने योग्य हो भी सकती है और नहीं भी हो सकती है, अर्थात् आदेश ऐसा हो जिसमें शुद्धता, वैधता, औचित्य, कार्यवाही की नियमितता के बारे में ऐसी कमी हो जो मामले की जड़ तक जाती हो और जिससे न्याय की गंभीर हानि होती हो तभी पुनरीक्षण चलने योग्य होगी अन्यथा नहीं।

11. कौन से आदेश अंतर्वर्ती आदेश नहीं होते हैं?

एक प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि किन आदेशों को अंतर्वर्ती आदेश नहीं माना गया। इस संबंध में एक सूची उपलब्ध रहे तो एक दृष्टि में यह पता लग सकता है कि कौन-कौन से आदेश अंतर्वर्ती आदेश नहीं होते हैं। यहाँ ऐसे ही आदेशों के बारे में विवरण हैं, जो इस प्रकार हैं:-

(1) प्रसंज्ञान लेने का आदेश:-

जहाँ विचारण न्यायालय ने प्रसंज्ञान ले लिया हो और आदेशिका जारी करने का आदेश जारी कर दिया हो तब ऐसा आदेश अंतर्वर्ती आदेश नहीं होता है किन्तु एक इन्टरमीजिएट या क्वॉसी फाइनल आदेश होता है जिस पर धारा 397 (2) दण्ड प्रक्रिया संहिता का वर्जन या बार लागू नहीं होता है, उसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य होती है जैसा कि न्यायदृष्टांत ***यशवंत सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2011 (1) एम.पी.एल.जे. 350,*** में प्रतिपादित किया गया है।

न्यायदृष्टांत ***धारीवाल टोबेको प्रोड्क्टस लिमिटेड विरूद्ध स्टेट ऑफ महाराष्ट्र, (2009) 2 एस.सी.सी. 370,*** के अनुसार भी समन जारी करने का आदेश धारा 397 के अर्थों में अंतर्वर्ती आदेश नहीं होता है। इस मामले में न्यायदृष्टांत ***अमरनाथ विरूद्ध स्टेट ऑफ हरियाणा, ए.आई.आर. 1977 एस.सी. 2185***, को विचार में लिया गया जिसमें यह प्रतिपादित किया गया है कि ऐसे आदेश द्वारा प्रथम बार अभियुक्त के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ होती है और उसे अविवादित रूप से आदेश को चुनौती देने का अधिकार होता है और ऐसा नहीं करने देने से उसके मूल्यवान अधिकार की हानि होती है।

इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***राजेन्द्र कुमार एस.पांडे विरूद्ध उत्तम, 1999 (1) एम.पी.एल.जे. 544 एस.सी.,*** अवलोकनीय है।

न्यायदृष्टांत ***द्वारका प्रसाद जाट विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2013 (IV) एम.पी.जे.आर. 126***, के अनुसार धारा 204 दं.प्र.सं.के तहत किसी व्यक्ति के विरूद्ध आदेशिका जारी करने का आदेश एक इंटरमिजियट या क्वॉसी फाईनल आदेश है जिसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य है।

अदालत प्रसाद विरूद्ध रूपलाल जिंदल, ए.आई.आर. 2004 एस.सी. 4674, के न्यायदृष्टांत से कई न्यायाधीश इस प्रकार भ्रमित होते हैं कि प्रसंज्ञान लेने के आदेश के विरूद्ध अभियुक्त का पुनरीक्षण धारा 397 दण्ड प्रक्रिया संहिता प्रचलन योग्य नहीं होता है लेकिन यह ध्यान रखना चाहिए कि इस मामले में यह विधि प्रतिपादित नहीं की गई है कि धारा 397 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत भी अभियुक्त को कोई उपचार उपलब्ध नहीं होते।

इस मामले में मुख्य रूप से यह कहा गया है कि एक बार यदि मजिस्ट्रेट प्रसंज्ञान लेकर आदेशिका जारी करने का आदेश कर देता है तो वह अपने ही आदेश का पुनरावलोकन नहीं कर सकता है, अभियुक्त को मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन करने के बजाय धारा 482 दण्ड प्रक्रिया संहिता में कार्यवाही करना चाहिए। लेकिन यह नहीं कहा गया कि अभियुक्त 397 दण्ड प्रक्रिया संहिता में भी कार्यवाही नहीं कर सकता।

न्यायदृष्टांत ***मधुसुदन तिवारी विरूद्ध श्याम सुन्दर, आई.एल.आर. 2015 एम.पी. 137,*** के अनुसार आदेशिका जारी करने के आदेश में पुनरीक्षण में निम्न दशाओं में हस्तक्षेप किया जा सकता हैः-

1. जहां परिवाद में किये गये अभिवचनों या उसके समर्थन में अभिलिखित किये गये गवाहों के कथनों को उसी रूप में विचार में लेने पर भी अभियुक्त के विरूद्ध पूरी तरह से कोई मामला नहीं बनता है या अपराध के आवश्यक घटक प्रगट नहीं होते हैं।

2. जहां परिवाद में किये गये अभिवचन स्पष्टतः निरर्थक और अंतरनिहित रूप से असंभाव्य हों जिसके कारण कोई भी प्रज्ञावान व्यक्ति ऐसा निष्कर्ष नहीं निकाल सकता कि अभियुक्त के विरूद्ध अग्रसर होने के पर्याप्त आधार हैं।

3. मजिस्ट्रेट द्वारा आदेशिका जारी करने में प्रयुक्त विवेकाधिकार स्वेच्छाचारी और मनमाना हो जो बिना किसी साक्ष्य के या ऐसी सामग्री जो पूरी तरह असंगत या अग्राह्य है, उस पर आधारित है।

इस मामले में यह भी प्रतिपादित किया गया कि आदेशिका जारी करने के प्रक्रम पर अभियुक्त का बचाव विचार में नहीं लिया जा सकता। न्यायालय को केवल यह देखना है कि क्या मामले में अग्रसर होने के पर्याप्त आधार हैं, यह नहीं देखना है कि क्या दोषसिद्धि के पर्याप्त आधार हैं।

न्यायदृष्टांत ***अलका बापू गोड़ विरूद्ध प्रकाश कन्हैयालाल, ए.आई.आर. 2017 एस.सी. 724,*** के अनुसार आदेशिका जारी करने के पूर्व परिवादी द्वारा पेश प्रमाण की प्रोबिटी नहीं देखी जा सकती।

न्यायदृष्टांत ***एम.एस. धोनी विरूद्ध वाय. श्यामसुंदर, (2017) 7 एससीसी. 760***, निर्णय चरण 13 के अनुसार प्रसंज्ञान लेने वाले मजिस्ट्रेट के लिये सावधानियां बतलाई गई हैं - समन जारी करने के पूर्व यह देखना चाहिये कि अपराध के घटक प्रथम दृष्ट्या बनते हैं, मजिस्ट्रेट को क्षेत्राधिकार है, समन जारी करना आवश्यक है तभी समन जारी करना चाहिये।

पुनरीक्षण न्यायालय के समक्ष एक प्रश्न यह भी रहता है कि क्या वह विचारण न्यायालय को यह निर्देश दे सकती है कि किसी अपराध विशेष में प्रकरण पंजीबद्ध किया जावे?

न्यायदृष्टांत ***रेवा राम विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2004 (4) एम.पी.एल.जे. 351*** के मामले में पुनरीक्षण में विशेष न्यायाधीश ने मजिस्ट्रेट को यह निर्देश दिये कि धारा 3(1)(10) एस.सी.एस.टी. एक्ट और धारा 506 भा.दं.सं. के अपराध का संज्ञान लिया जाये। ऐसे निर्देश को अवैध और क्षेत्राधिकार से बाहर माना गया। धारा 398 दं.प्र.सं. में उच्च न्यायालय अथवा सेशन जज अग्रिम जाँच के लिए प्रकरण प्रतिप्रेषित कर सकता है लेकिन न्यायदृष्टांत ***हंसराज शर्मा विरूद्ध शिवचरण श्शर्मा, 2004 (3) एम.पी.एल.जे. 485,*** के अनुसार धारा 398 और 399 सी.आर.पी.सी. को एक साथ पढ़ना चाहिए। ऐसा करने पर पुनरीक्षण में ऐसे निर्देश दिये जा सकते हैं कि मजिस्ट्रेट किसी अपराध विशेष में प्रकरण पंजीबद्ध करे।

न्यायदृष्टांत ***अशोक माहेश्वरी राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड विरूद्ध दिनेश पौराणिक, 2007 सी.आर.एल.जे. एन.ओ.सी. 827 एम.पी.,*** के मामले में विचारण न्यायालय में धारा 203 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत परिवाद निरस्त किया था। पुनरीक्षण न्यायालय ने आदेश अपास्त किया और अभियुक्त के विरूद्ध धारा 420 भारतीय दण्ड संहिता में प्रकरण पंजीबद्ध करने का निर्देश दिया। ऐसे निर्देशों को क्षेत्राधिकार के बाहर नहीं माना गया।

इस तरह धारा 398 और 399 दं.प्र.सं. को एक साथ पढ़ें तो विचारण न्यायालय को ऐसे निर्देश दिये जा सकते हैं कि किसी अपराध विशेष में प्रकरण पंजीबद्ध किया जावे क्योंकि उक्त हंसराज वाला न्यायदृष्टांत उक्त रेवाराम वाले न्यायदृष्टांत के पूर्व का है जिसमें हंसराज शर्मा वाले मामले को विचार में नहीं लिया गया है जो पूर्व का न्यायदृष्टांत था, अतः वह अधिभावी प्रभाव रखेगा।

पुनरीक्षण न्यायालय के समक्ष एक प्रश्न यह भी रहता है कि प्रकरण पंजीबद्ध करने के विरूद्ध प्राप्त पुनरीक्षण में व्यवहार प्रकृति का विवाद किसे मानें?

वर्तमान समय में व्यवहार प्रकृति के विवादों में धारा 420, 467, 468 एवं 471 भा.दं.सं. का परिवाद लगा देने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है लेकिन जहां अभियुक्त का आशय प्रथम दृष्ट्या प्रारंभ से ही परिवादी के साथ छल करने का रहा हो, उस स्थिति में और जहां केवल रुपये वसूली का उद्देश्य रहा हो उस स्थिति में अंतर करना होगा।

न्यायदृष्टांत ***एम. कृष्णन् विरूद्ध विजय सिंह, ए.आई.आर. 2001 एस.सी. 3014,*** के अनुसार केवल सिविल मामले का लंबित होना किसी विवाद को सिविल प्रकृति का विवाद नहीं बना देता है क्योंकि धोखाधड़ी, छल आदि के मामलों में कुछ तत्व सामान्यतः सिविल प्रकृति के होते हैं। इस मामले में यह भी कहा गया कि न्यायालय को यह देखना चाहिए कि क्या अभियुक्त के विरूद्ध कार्यवाही के कोई आधार हैं या नहीं। यदि अविवादित अभिवचनों और तथ्यों से कोई मामला न बनता हो तभी कार्यवाही समाप्त करना चाहिए लेकिन न्यायदृष्टांत ***शिवदयाल शुक्ला विरूद्ध सुम्मीलाल, 1984 एम.पी.डब्ल्यू.एन. 528***, के अनुसार सिविल मामले में दाण्डिक प्रकरण संस्थित करना प्रक्रिया का दुरूपयोग है।

न्यायदृष्टांत ***रीनी जौहर विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2016 (2) जे.एल.जे. 320 एस.सी.,*** के अनुसार सिविल मामले में दाण्डिक कार्यवाही उचित नहीं मानी गयी है। अपराध का कोई घटक आकर्षित नहीं हो रहा था।

इस तरह मामला सिविल प्रकृति का है या नहीं, इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और उसी प्रकाश में प्रकरण दर्ज करने के आदेश में हस्तक्षेप करना चाहिए।

न्यायदृष्टांत ***मलय श्रीवास्तव विरूद्ध शंकर प्रताप सिंह, आई.एल.आर. 2017 एम.पी. 199***, के अनुसार पुनरीक्षण न्यायालय प्रश्नाधीन आदेश इस आधार पर अपास्त नहीं कर सकता कि आदेश परिवादी के दूषित आशय से प्रेरित था। पुनरीक्षण न्यायालय केवल सामान्य विधि और लिखित विधि की पृष्ठभूमि में आदेश की सत्यता देख सकता है।

विचारण न्यायालय ने आदेश किस तरीके से लिखा इस आधार पर उसका औचित्य नहीं देखना होता है बल्कि आदेश में दिये गये कारणों के आधार पर औचित्य देखना चाहिए। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***अल्पना शुक्ला राव विरूद्ध श्रीमती मंजूषा मिश्रा, 2001 (2) एम.पी.एल.जे. एस.एन. 3***, अवलोकनीय है।

न्यायदृष्टांत ***नुपुर तलवार विरूद्ध सी.बी.आई., ए.आई.आर. 2012 एस.सी. 1921,*** के अनुसार अभियुक्त के विरूद्ध आदेशिका जारी करने के आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण में पुनरीक्षण न्यायालय इन प्रश्नों पर नहीं जा सकती कि विचारण न्यायालय के आदेश के कारण पर्याप्त हैं या

अपर्याप्त हैं, अच्छे हैं या खराब हैं। वह केवल यह देख सकती है कि अभियुक्त के विरूद्ध आदेशिका जारी करने के पर्याप्त कारण अभिलेख पर हैं या नहीं।

(2) दण्ड में कमी:-

दण्ड में कमी के विरूद्ध परिवादी का पुनरीक्षण चलने योग्य होता है जैसा कि न्यायदृष्टांत ***के. पांडुरंगन विरूद्ध एस.एस.आर. बेलू स्वामी, (2003) 8 एस.सी.सी. 625 एवं नादिर खान विरूद्ध स्टेट (देहली एडमीनिस्ट्रेशन), 1975 (2) एस.सी.सी. 406***, में प्रतिपादित किया गया है।

(3) न्यायालय के क्षेत्राधिकार संबंधित आदेश:-

मामले में न्यायालय के क्षेत्राधिकार को चुनौती देने वाला एक आवेदन पेश किया गया जो निरस्त किया गया। ऐसा आदेश अंतर्वर्ती आदेश नहीं माना गया। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***मधु लीमिये विरूद्ध स्टेट ऑफ महाराष्ट्र, ए.आई.आर. 1978 एस.सी. 47,*** तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ अवलोकनीय है।

(4) दण्डादेश में वृद्धि:-

न्यायदृष्टांत ***एकनाथ शंकरराव विरूद्ध स्टेट ऑफ महाराष्ट्र, ए.आई.आर. 1977 एस.सी. 1177,*** तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ के अनुसार धारा 377 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अपील के प्रावधान के कारण पुनरीक्षण में दण्ड में वृद्धि की शक्तियां वापस नहीं ली गई हैं। उच्च न्यायालय अपनी सोमोटो रिवीजन की शक्तियों के तहत दण्ड में वृद्धि कर सकता है चाहे धारा 377 दण्ड प्रक्रिया संहिता में अपील के प्रावधान है।

न्यायदृष्टांत ***संजीव मिश्रा विरूद्ध मनोज जैन, 2002 (1) एम.पी.एल.जे. 286,*** के मामले में अभियुक्त पर धारा 138 एन.आई.एक्ट में 2500/- रूपये अर्थदण्ड किया गया। परिवादी ने पुनरीक्षण प्रस्तुत की जो चलने योग्य होना निर्धारित किया गया।

(5) धारा 133(2) दं.प्र.सं. का आदेश:-

धारा 133(2) दं.प्र.सं. के तहत कारखाना बंद करने का आदेश अंतर्वर्ती आदेश नहीं है। उसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य होती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***अग्रवाल ब्रेवरीज विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 1993 (2) डब्ल्यू.एन. 80,*** अवलोकनीय है।

(एफ) आरोप विरचित करने का आदेश कब अंतर्वर्ती और कब नहीं?

न्यायदृष्टांत ***खगेस कुमार गोयल विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 1997 (2) एम.पी.एल.जे. 690,*** के अनुसार आरोप विरचित करते समय अभियुक्त की यह प्रतिरक्षा की उसके विरूद्ध कोई आरोप नहीं बनता है वह उन्मोचित होने का अधिकारी है, इसे नकारने का आदेश अंतर्वर्ती आदेश नहीं है।

इस मामले में यह भी कहा गया कि अभियुक्त का यह अभिवाक् कि जो आरोप विरचित किये गये हैं उनसे लघु आरोप बनते हैं। इसे नकारने का आदेश अंतर्वर्ती आदेश है।

आरोप विरचित करने के आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण में केवल अभियोजन के दस्तावेज देखे जाने हैं। अभियुक्त का बचाव या प्रतिरक्षा के दस्तावेज नहीं देखे जाते हैं जैसा कि न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ उड़ीसा विरूद्ध देवेन्द्र नाथ पादी, (2005) 1 एससीसी 568*** अवलोकनीय है।

(6) अभियुक्त को क्षमा दान करने का आदेश:-

न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ यूपी विरूद्ध कैलाश नाथ अग्रवाल, ए.आई.आर. 1973 एस.सी. 2210***, तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ के मामले में यह प्रतिपादित किया गया है कि अभियुक्त को क्षमा दान करने का आदेश पुनरीक्षण योग्य होता है।

(7) धारा 319 दं.प्र.सं. के आवेदन पर समन न करना:-

न्यायदृष्टांत ***मोहित विरूद्ध स्टेट ऑफ यूपी, (2013) 7 एससीसी 789,*** के अनुसार विचारण न्यायालय ने परिवादी के आवेदन धारा 319 दंप्रसं पर समन जारी करने से इंकार कर दिया। ऐसा आदेश अंतर्वर्ती आदेश नहीं है और इसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य है। इस मामले में न्यायदृष्टांत ***मधू लिमिये विरूद्ध स्टेट ऑफ महाराष्ट्र, (1977) 4 एस.सी.सी. 551, अमरनाथ विरूद्ध स्टेट ऑफ हरियाणा, (1977) 4 एस.सी.सी. 137 और एम.सी.डी. विरूद्ध रामकृष्ण रस्तोगी, (1983) 1 एस.सी.सी. 1,*** को विचार में लेते हुए यह प्रतिपादित किया गया कि परिवादी द्वारा प्रस्तुत धारा 319 दं.प्र.सं. के आवेदन पर समन जारी करने से इंकार करना अंतर्वर्ती आदेश नहीं है और उसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य है।

(8) धारा 204(4) दं.प्र.सं. का आदेश:-

परिवाद धारा 204 (4) दं.प्र.सं. के अधीन खारिज किया गया था। क्या उक्त आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य है ? अभिनिर्धारित किया गया, हाँ। यदि विधायिका का आशय यह होता की ऐसा आदेश भी दोषमुक्ति का आदेश माना जायेगा और धारा 378 दं.प्र.सं. के क्षेत्र में आयेगा। तब धारा 204 (4) दंप्रसं में ''खारिज'' शब्द के स्थान पर ''दोषमुक्त'' शब्द इस्तेमाल करने में कोई कठिनाई नहीं थी। धारा 204 (4) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अधीन परिवाद का खारिज किये जाने का आदेश धारा 378 दंप्रसं के अधीन अपील योग्य नहीं हैं। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***भूपेन्द्र सिंह विरूद्ध साकेत कुमार, 2016 (1) एम.पी.एल.जे. 209,*** अवलोकनीय है।

(9) धारा 258 दं.प्र.सं.:-

यदि धारा 258 दं.प्र.सं. के तहत कार्यवाही मजिस्ट्रेट द्वारा रोकी गयी है और ऐसा मुख्य गवाहों के कथन लेने के बाद किया गया है तो उसका प्रभाव दोषमुक्ति होता है और उसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य नहीं होती है। अन्य दशा में अर्थात मुख्य गवाहों के कथन हुए बिना यदि कार्यवाही रोकी गयी है तो उसका प्रभाव उन्मोचन होता है और ऐसे आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण प्रचलन योग्य होती है।

इस सम्बंध में न्यायदृष्टांत ***1994, सी.आर.एल.जे. 454 (गुजरात),*** अवलोकनीय है।

(10) धारा 321 दं.प्र.सं. के अधीन आदेश:-

धारा 321 दं.प्र.सं. के अधीन प्रकरण वापस लेने का आदेश या प्रकरण वापस लेने के आवेदन को खारिज करने का आदेश पुनरीक्षण योग्य है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***शिवनंदन पासवान विरूद्ध राज्य, ए.आई.आर. 1983 एस.सी. 194,*** अवलोकनीय है।

(11) पक्षकार बनाने का आदेश:-

किसी व्यक्ति को दाण्डिक कार्यवाही में पक्षकार बनाने का आदेश पुनरीक्षण योग्य है। इस सम्बंध में न्यायदृष्टांत ***एस. सी. अरोड़ा विरूद्ध भारत संघ, 1979 सी.आर.एल.जे. 358*** अवलोकनीय है।

(12) परिसीमा काल बढ़ाने का आदेश:-

किसी दाण्डिक कार्यवाही में परिसीमा काल बढ़ाने का आदेश पुनरीक्षण योग्य होता है। इस सम्बंध में न्यायदृष्टांत ***जी.डी. अय्यर विरूद्ध स्टेट, 1978 सी.आर.एल.जे. 1180,*** अवलोकनीय है।

(13) धारा 249 दं.प्र.सं. के अधीन आदेश:-

ऐसे आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य होती है। इस सम्बंध में ***न्यायदृष्टांत आर.आर. वर्मा विरूद्ध टी.एम. ललानी, 1980 सी.आर.एल.जे. एन.ओ.सी. 5, एवं असगर अली विरूद्ध जालम रसूल, 1979 सी.आर.एल.जे. एन.ओ.सी. 4480,*** अवलोकनीय है।

(14) 451 दं.प्र.सं. के अधीन आदेश:-

ऐसे आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य होती है क्योंकि अंतरिम सुपुर्दगी के आदेश से पक्षकारों के मूल्यवान अधिकार प्रभावित होते हैं। इस सम्बंध में न्यायदृष्टांत ***भारत माहे विरूद्ध उत्तरप्रदेश राज्य, 1975 सी.आर.एल.जे. 890, राजू विरूद्ध राजस्थान राज्य 1992 सी.आर.एल.जे. 73*** एवं ***महादेव विरूद्ध स्टेट ऑफ राजस्थान, 1997 सी.आर.एल.जे. 1614,*** अवलोकनीय है।

(15) बिना अधिकारिता के दिया गया आदेश:-

कोई आदेश चाहे वह अंर्तवर्ती प्रकृति का हो, लेकिन बिना अधिकारिता के दिया गया हो तो ऐसा आदेश अवैधता के कारण अंर्तवर्ती नहीं होगा और उसके विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य होगी। इस सम्बंध में न्यायदृष्टांत ***भीमा नाईक विरूद्ध उड़ीसा राज्य, 1975 सी.आर.एल.जे. 1923,*** अवलोकनीय है।

(16) मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों के संरक्षण)

अधिनियम, 1986 की धारा 3 का आदेश:-

मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों के संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा 3 के अधीन पारित आदेश में पति पत्नि के अधिकार तथा दायित्व अंतिम रूप से तय होते हैं। अतः ऐसे आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य होती है। इस सम्बंध में न्यायदृष्टांत ***शफात एहमद विरूद्ध फहमीदा सरदार, 1990 सी.आर.एल.जे. 1887 या ए.आई.आर. 1990 ईलाहबाद 182,*** अवलोकनीय है।

(17) तृतीय पक्ष के विरूद्ध आदेश:-

किसी तृतीय पक्ष के अधिकारों को प्रभावित करने वाले आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण चलने योग्य होती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***परमेश्वरी देवी विरूद्ध राज्य, ए.आई.आर. 1978 एस.सी. 403,*** अवलोकनीय है।

(18) धारा 197 दं.प्र.सं. का आवेदन खारिज करने के विरूद्ध पुनरीक्षण:-

यदि विचारण न्यायालय ने धारा 197 दं.प्र.सं. का आवेदन खारिज कर दिया है, तो उसके विरूद्ध पुनरीक्षण प्रचलन योग्य होती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ए.एस.राय विरूद्ध एन.एन.कुट्टी, 1978 क्रि.ला.ज. एन.ओ.सी. 65, अवलोकनीय है।

(19) धारा 320 दं.प्र.सं. का आवेदन खारिज किया जाना:-

यदि विचारण न्यायालय परिवादी का आवेदन धारा 320 दं.प्र.सं. खारिज कर देता है और उसे समझौता करने की अनुमति नहीं देता है तो ऐसे आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण प्रचलन योग्य होती है।

ऐसी पुनरीक्षण में यह भी ध्यान रखना चाहिये कि विचारण न्यायालय ने समझौता करने की अनुमति का आवेदन किन कारणों से खारिज किया है और वे कारण ऐसे हैं जो उचित हैं या नहीं, जैसे कि समाज विरोधी अपराधों जिसमें कई लोगों के साथ धोखाधड़ी हुई हो, ऐसे मामलों में समझौता आवेदन विचारण न्यायालय खारिज कर देता है।

20. धारा 203 दंप्रसं का आदेश:-

न्यायदृष्टांत ***बुद्धसिंह कुशवाहा विरूद्ध उमेशसिंह, आई.एल.आर. 2018 एम.पी. 988 डी.बी.,*** के अनुसार धारा 203 दं.प्र.सं के तहत परिवाद का खारिज किया जाना दोषमुक्ति की श्रेणी में नहीं आता है। यह जांच है, विचारण नहीं है। अतः धारा 378(4) दंप्रसं के तहत अपील नहीं होगी अपितु पुनरीक्षण होगी।

21. प्रोटैस्ट पिटीशन खारिज करना:-

न्यायदृष्टांत ***वाली विरूद्ध वाली मोहम्मद, 1980 सी.आर.एल.जे. एन.ओ.सी. 50 (राजस्थान),*** के अनुसार परिवादी ने प्रोटैस्ट पिटिशन प्रस्तुत की। मजिस्ट्रेट ने संज्ञान लेने से इंकार कर दिया। यह अंतर्वर्ती आदेश नहीं है। पुनरीक्षण चलने योग्य है।

22. धारा 125 दं.प्र.सं. के तहत भरण-पोषण एवं अंतरिम भरणपोषण:-

धारा 125 दं.प्र.सं के तहत दिया गया भरण-पोषण का आदेश पुनरीक्षण योग्य होता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***सुमेर विरूद्ध संधूरन, 1987 सी.आर.एल.जे. 1396 (पंजाब),*** अवलोकनीय है क्योंकि ऐसे आदेश के विरूद्ध दं.प्र.सं. में अपील का कोई प्रावधान नहीं है और ऐसे आदेश पक्षकारों के अधिकारों का अंतिम रूप से निराकरण कर देते हैं।

इसी प्रकार अंतरिम भरण-पोषण का आदेश पुनरीक्षण योग्य होता है क्योंकि ऐसे आदेश पक्षकारों के अधिकारों का कुछ सीमा तक अंतिम रूप से निराकरण कर देते हैं लेकिन यह जरूर देख लेना चाहिए कि जहां अंतरिम भरण-पोषण दिलाने से इंकार करते समय न्यायालय ने अयथार्थ या उपेक्षापूर्ण आदेश किया हो। न्यायालय को प्रथम दृष्टया यह संतोष होना चाहिए कि जिस व्यक्ति के पक्ष में भरण पोषण दिलाया जा रहा है उसे प्रथम दृष्टया भरण पोषण का एक विधिक अधिकार विरोधी पक्ष के विरूद्ध है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***ममता विरूद्ध अशोक, 1992 सी.आर.एल.जे. 2605 बाम्बे,*** अवलोकनीय है जिसमें अंतरिम भरण पोषण के आदेश को अंतर्वती आदेश कहा गया है लेकिन उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए पुनरीक्षण चलने योग्य हो सकती है, ऐसा भी प्रतिपादित किया गया है।

12. अनुपस्थिति में निरस्ती:-

दाण्डिक पुनरीक्षण को अनुपस्थिति में निरस्त नहीं किया जा सकता। दाण्डिक अपील की अनुपस्थिति में निराकरण के बारे में जो विधि प्रतिपादित की गई है वही दाण्डिक पुनरीक्षण में भी लागू होती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***मदनलाल कपूर विरूद्ध राजीव थापर, (2007) 7 एस.सी.सी. 623,*** अवलोकनीय है।

इस मामले में यह भी कहा गया है कि मामला दाण्डिक न्याय प्रशासन से संबंधित है। यह प्रतिपादित किया गया है कि एक दाण्डिक मामला अनुपस्थिति में निरस्त नहीं किया जा सकता है और उसे गुण-दोष पर निराकृत करना चाहिए।

इस मामले में न्यायदृष्टांत ***बानी सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ यू.पी., (1996) 4 एस.सी.सी. 720,*** तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ को विचार में लिया गया है जिसमें यह प्रतिपादित किया गया है कि एक दाण्डिक अपील अनुपस्थिति में निरस्त नहीं करना चाहिए बल्कि गुण-दोष पर निराकृत करना चाहिए। सूचना पत्र देने पर भी यदि अपीलार्थी या उसके अभिभाषक उपस्थित नहीं होते हैं तो न्यायालय को अपील गुण-दोष पर निराकृत करना चाहिए। यदि अपीलार्थी जेल में हो तब राज्य के खर्चे पर उसकी ओर से अधिवक्ता नियुक्त करना चाहिए। इस मामले में पूर्व के न्यायदृष्टांत ***रामनरेश यादव विरूद्ध स्टेट ऑफ बिहार, ए.आई.आर. 1987 एस.सी. 1500,*** को ओवर रूल कर दिया गया।

न्यायदृष्टांत ***परशुराम पटेल विरूद्ध स्टेट ऑफ उड़ीसा, (1994) 4 एस.सी.सी. 664,*** के अनुसार एक दाण्डिक अपील अनुपस्थिति में निरस्त नहीं की जा सकती।

उक्त न्यायदृष्टांत ***मदन लाल कपूर*** में कहा गया है कि दाण्डिक अपील की अनुपस्थिति में निरस्तगी के बारे में जो कारण बतलाये गये हैं वे दाण्डिक पुनरीक्षण पर भी लागू होते हैं।

13. पुनरीक्षण का उपशमन:-

एक बार पुनरीक्षण प्रस्तुत हो जाने के बाद पुनरीक्षणकर्ता की मृत्यु से भी उसका उपशमन या अबेटमेंट नहीं होता है क्योंकि दण्ड प्रक्रिया संहिता में पुनरीक्षण के उपशमन का कोई प्रावधान नहीं है। जैसे ही पुनरीक्षण अंतिम सुनवाई के लिए ग्राह्य कर ली जाती है न्यायालय को उसका परीक्षण करना होता है जब तब कि वह ऐसा करना अनावश्यक न मानती हो।

न्यायदृष्टांत ***टी.वी. विश्वनाथन् विरूद्ध स्टेट ऑफ केरला, 2006 सी.आर.एल.जे. 3864,*** का मामला धारा 138 एन.आई. एक्ट में दोषसिद्धि का था। पुनरीक्षण लंबित रहने के दौरान अभियुक्त मर गया। यह प्रतिपादित किया गया कि पुनरीक्षण चालू रहेगी और न्यायालय उचित आदेश कर सकती है।

न्यायदृष्टांत ***प्रनब कुमार मित्रा विरूद्ध स्टेट ऑफ वेस्ट बंगाल, ए.आई.आर. 1959 एस.सी. 144,*** पाँच न्यायमूर्तिगण की पीठ ने यह प्रतिपादित किया है कि जहाँ पुनरीक्षण को प्रथम दृष्टया ग्राह्य कर लिया गया हो और अभिलेख बुलवा लिया गया हो वहाँ दोषसिद्ध व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी न्यायालय आदेश की शुद्धता, वैधता और औचित्य का परीक्षण कर सकती है। उपशमन का प्रावधान अपील के लिए है पुनरीक्षण के लिए नहीं है क्योंकि पुनरीक्षण की शक्तियाँ पर्यवेक्षण की

शक्तियाँ होती हैं और किसी व्यक्ति के जीवित रहने या मरने से इन शक्तियों पर प्रभाव नहीं पड़ता है।

यदि धारा 125 दं.प्र.सं. के पुनरीक्षण में पति की मृत्यु हो जाये तो कार्यवाही वैसे ही समाप्त हो जाती है। अतः ऐसे मामले अपवाद में आते हैं जहाँ पुनरीक्षण समाप्त की जा सकती है।

14. फोरम का चुनाव पुनरीक्षणकर्ता का अधिकार है:-

धारा 397 दण्ड प्रक्रिया संहिता की शक्तियाँ माननीय उच्च न्यायालय को और माननीय सत्र न्यायालय को समवर्ती हैं और यह पुनरीक्षणकर्ता का विकल्प है कि वह दोनों न्यायालयों में से किस न्यायालय में जाने का चुनाव करता है। पुनरीक्षणकर्ता को यह नहीं कहा जा सकता कि उसे पहले सत्र न्यायालय में जाना चाहिए। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***ईशाक जैसी विरूद्ध जसमीत सिंह सलूजा, 2003 (2) ए.एन.जे. (एम.पी.) 262*** और ***स्टेट ऑफ एम.पी. विरूद्ध खिजार मोहम्मद, 1996 एम.पी.एल.जे. 1007,*** अवलोकनीय हैं।

15. दोषमुक्ति का दोषसिद्धि में परिवर्तन:-

दाण्डिक पुनरीक्षण में दोषमुक्ति के आदेश को दोषसिद्धि के आदेश में परिवर्तित नहीं किया जा सकता क्योंकि पुनरीक्षण न्यायालय की शक्तियाँ सीमित होती हैं। इस मामले में न्यायदृष्टांत ***बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ बिहार, ए.आई.आर. 2002 एस.सी. 2907***, अवलोकनीय है।

दोषमुक्ति के विरूद्ध यदि प्राइवेट पक्षकार द्वारा पुनरीक्षण की जाती है तब पुनरीक्षण न्यायालय का ऐसे आदेश में हस्तक्षेप का स्कोप बहुत सीमित होता है।

इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***तेलमल विरूद्ध श्रीमती सरजू देवी, 2006 (1) एम.पी.एल.जे. 590,*** अवलोकनीय है।

न्यायदृष्टांत ***अकालू अहिर विरूद्ध रामदेव राम, ए.आई.आर. 1973 एस.सी. 2154*** में यह प्रतिपादित किया गया है कि दोषमुक्ति के निष्कर्ष में निम्न परिस्थितियों में ही पुनरीक्षण में हस्तक्षेप करना चाहिएः-

1. जहाँ न्यायालय को प्रकरण के विचारण का क्षेत्राधिकार नहीं था फिर भी उसने अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया हो।
2. अभियोजन जिस साक्ष्य को पेश करना चाहता था विचारण न्यायालय ने गलत तरीके से साक्ष्य का अधिकार समाप्त कर दिया और साक्ष्य नहीं लिया।
3. जहाँ अपील न्यायालय ने ऐसा गलत निष्कर्ष दिया हो कि विचारण न्यायालय ने जो साक्ष्य स्वीकार की, वह अग्राह्य थी।
4. जहाँ विचारण न्यायालय ने या अपील न्यायालय ने तात्विक साक्ष्य को अनदेखा किया हो।
5. जहाँ समझौता विधि की दृष्टि से अवैध हो, उस समझौते के आधार पर अभियुक्त को दोषमुक्त किया हो।

यह प्रतिपादित किया गया है कि उक्त कुछ उदाहरण हैं, इसी प्रकार के अन्य कारण भी हो सकते हैं जिनमें अपवाद स्वरूप परिस्थितियों में ही दोषमुक्ति के आदेश में पुनरीक्षण में हस्तक्षेप करना चाहिए। इस संबंध मे न्यायदृष्टांत ***के. चिन्ना स्वामी रेड्डी विरूद्ध स्टेट, ए.आई.आर. 1962 एस.सी. 1788,*** तीन न्यायमूर्तिगण की पीठ का न्यायदृष्टांत भी अवलोकनीय है जिसमें उक्त 5 परिस्थितियों में दोषमुक्ति के आदेश में हस्तक्षेप उचित माना गया है।

न्यायदृष्टांत ***रामवृक्ष सिंह विरूद्ध अम्बिका यादव, (2004) 7 एस.सी.सी. 665***, के अनुसार जहाँ तात्विक साक्ष्य को अनदेखा किया गया हो वहीं दोषमुक्ति के आदेश में हस्तक्षेप किया जा सकता है। पुनरीक्षण न्यायालय दोषमुक्ति के आदेश को दोषसिद्धि में परिवर्तित नहीं कर सकते हैं।

इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***के चिन्ना स्वामी रेड्डी विरूद्ध स्टेट ऑफ ए.पी., ए.आई.आर. 1962 एस.सी. 1788 एवं डी. स्टीफन्स् विरूद्ध नौसीबोला, ए.आई.आर. 1951 एस.सी. 196,*** भी अवलोकनीय हैं।

न्यायदृष्टांत ***बबलू कुमार विरूद्ध स्टेट ऑफ बिहार, 2015 एआईआर एससीडब्ल्यू 4655,*** के मामले में विचारण न्यायालय, लोक अभियोजक के कर्तव्य स्पष्ट करते हुए पुनरीक्षण में दोषमुक्ति को अपास्त करते हुए पुनः विचारण के निर्देश दिये गये और ये कहा गया कि न्यायालय का यह विधिक दायित्व है कि वह यह देखे कि अभियोजन ने जिन गवाहों का उल्लेख किया है वे वास्तव में पेश किये गये हैं। समन जारी किये गये हैं वे वास्तव में तामील हुए हैं। ऋजु विचारण पर बल दिया गया।

न्यायदृष्टांत ***गणेशा विरूद्ध सरनप्पा, (2014) 1 एस.सी.सी. 87,*** के मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि पुनरीक्षण में न्यायालय अपील न्यायालय की धारा 386 दं.प्र.सं. की सभी शक्तियों का प्रयोग कर सकते हैं, केवल दोषमुक्ति को दोषसिद्धि में परिवर्तित नहीं कर सकते। अपवाद स्वरूप मामले में पुनः विचारण के आदेश कर सकते हैं। दोषमुक्ति को पुनरीक्षण में तभी अपास्त किया जा सकता है जब उक्त परिस्थितियाँ अभिलेख से स्पष्ट होती हैं।

16. पुनरीक्षण और विधि का बिन्दु:-

कुछ न्यायाधीशों का यह मत रहता है कि पुनरीक्षण केवल विधि के बिन्दु पर ही होते हैं। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***मुजीब हुसैन उर्फ सोनू विरूद्ध इस्माईल, 2009 (1) एम.पी.एच.टी. 434,*** के अनुसार पुनरीक्षण के क्षेत्राधिकार से इस आधार पर इन्कार नहीं करना चाहिए कि मामले में कोई विधि का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है क्योंकि धारा 397 दण्ड प्रक्रिया संहिता में किसी भी आदेश, निष्कर्ष या दण्डादेश की शुद्धता, वैधता और औचित्य पर विचार करना होता है।

इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***पांडुरंग सीताराम भगत विरूद्ध स्टेट ऑफ महाराश्ट्र, 2005 एस.सी.सी. (क्रिमिनल) 1198,*** अवलोकनीय है।

न्यायदृष्टांत ***तुलसीराम मेहता विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2009 (4) एम.पी.एल.जे. 397,*** में यह कहा गया है कि पुनरीक्षण न्यायालय का क्षेत्राधिकार अत्यंत सीमित होता है। उसे साक्ष्य का पुर्नमूल्याकंन या तथ्य के निष्कर्ष का पुर्नमूल्याकंन नहीं करना चाहिए। केवल विधि के बिन्दु पर और ऐसी त्रुटियाँ, जो रिकार्ड पर देखने से ही स्पष्ट होती हैं, को विचार में लेना चाहिए।

17. सौमोटो पावर

सत्र न्यायालय को पुनरीक्षण की स्वतः शक्ति भी प्राप्त है अर्थात् कोई पक्ष यदि पुनरीक्षण न भी करे, तब भी सत्र न्यायालय पुनरीक्षण की शक्तियों का स्वयं प्रयोग कर सकते हैं जैसा कि न्यायदृष्टांत ***नारायण सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2004 (4) एम.पी.एल.जे. 487 एवं गुरुमुख दास विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2000 सी.आर.एल.जे. 2419,*** में प्रतिपादित किया गया है।

18. द्वितीय अपील न्यायालय नहीं है:-

पुनरीक्षण न्यायालय को यद्यपि अपील न्यायालय की सभी शक्तियाँ रहती हैं लेकिन उसे उन शक्तियों का प्रयोग द्वितीय अपील न्यायालय की तरह नहीं करना चाहिए बल्कि आदेश की शुद्धता, वैधता और औचित्य तथा कार्यवाही की नियमितता को देखने के उद्देश्य से ही इन शक्तियों का प्रयोग करना चाहिए।

इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ महाराष्ट्र विरूद्ध जगमोहन सिंह, 2004 (7) एस.सी.सी. 659,*** अवलोकनीय है।

जहाँ न्याय की विफलता नहीं हुई हो वहाँ कार्यवाही की अनियमितता या अन्योचित्ता के आधार पर पुनरीक्षण में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***ए.आई.आर. 1979 एस.सी. 683*** अवलोकनीय है।

19. धारा 398 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत अतिरिक्त जाँच के निर्देशः-

जहाँ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को अतिरिक्त जाँच के निर्देश दिये गये हों वहाँ उसके लिए यह आवश्यक नहीं है कि वे अतिरिक्त साक्ष्य लेखबद्ध करें। यह मजिस्ट्रेट का विवेकाधिकार है कि वे परिवादी की ओर से अतिरिक्त साक्ष्य लें या नहीं लें । मजिस्ट्रेट द्वारा, अतिरिक्त साक्ष्य लिये बिना उसी साक्ष्य को, जो अभिलेख पर है, पुनः विचार करके यह निष्कर्ष दिया जा सकता है कि अभियुक्त के विरूद्ध प्रथम दृष्टया मामला बनता है या नहीं लेकिन यदि मजिस्ट्रेट ने गवाहों को तलब करके उनका फिर से परीक्षण कर लिया हो तो मात्र इस कारण से उसकी कार्यवाही व्यर्थ नहीं हो जाती है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***सुब्रतादास विरूद्ध स्टेट ऑफ झारखंड, ए.आई.आर. 2011 एस.सी. 177,*** अवलोकनीय है।

अतिरिक्त जाँच किस विधि से की जाये और कौन से विशिष्ट आरोप विरचित किये जायें, ऐसे निर्देश नहीं दिये जा सकते हैं। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***राजा राम गुप्ता विरूद्ध धर्म प्रसाद, 1983 एम.पी.एल.जे. 56,*** अवलोकनीय है।

20. अभियुक्त की प्रतिरक्षा के बारे में:-

पुनरीक्षण की शक्तियों का प्रयोग करते समय अभियुक्त की प्रतिरक्षा को विचार में नहीं लिया जाता है। यदि ऐसे दस्तावेज जो देखने से ही संदेह से रहित हों, जो अभियुक्त ने यह दर्शाने के लिए प्रस्तुत किए हों कि, उसके विरूद्ध मामला नहीं चल सकता, तब ऐसे दस्तावेज को नहीं देखा जाना और यह कहना कि इन दस्तावेज पर बचाव के समय विचार किया जायेगा, इससे न्याय की हानि होगी। अतः समुचित मामले में जहाँ दस्तावेज देखने से ही संदेह से परे लगते हों, उनको विचार में ले

सकते हैं जैसा कि न्यायदृष्टांत ***हर्षेन्द्र कुमार डी. विरूद्ध रेवती लता, (2011) 3 एस.सी.सी. 351,*** अवलोकनीय है।

21. तथ्यों का पुनर्मूल्याकंन:-

पुनरीक्षण की शक्तियों का प्रयोग करते समय तथ्यों का पुनर्मूल्याकंन या तथ्य के प्रश्न के निष्कर्ष में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***रामचंद्र विरूद्ध जानकी लाल, 1987 (2) एम.पी.डब्ल्यू.एन. 183, विमला बाई विरूद्ध मनोहर लाल, 1984 एम.पी.डब्ल्यू.एन. 396, मोहम्मद गनी विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 1985 एम.पी.डब्ल्यू.एन. 480*** एवं ***महतार विरूद्ध लक्ष्मण, 1985 एम.डब्ल्यू.एन. 418,*** अवलोकनीय हैं।

न्यायदृष्टांत ***रामदयाल विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 1987 जे.एल.जे. 131*** में यह स्पष्ट किया गया है कि तथ्यों के निष्कर्ष में कब हस्तक्षेप किया जा सकता है।

इस मामले में यह बतलाया गया है कि जहाँ न्याय की तात्विक हानि हुई हो वहाँ पुनरीक्षण तथ्यों के निष्कर्ष में हस्तक्षेप किया जा सकता है।

22. साक्ष्य का पुनर्मूल्याकंन:-

न्यायदृष्टांत ***मुन्नालाल विरूद्ध हरिसिंह, 1984 एम.पी.डब्ल्यू.एन. 187 एवं शांति बाई विरूद्ध भेलू भाई, 1985 एम.पी.डब्ल्यू.एन. 125,*** के अनुसार पुनरीक्षण की शक्तियों का प्रयोग करते समय साक्ष्य का पुनर्मूल्याकंन नहीं किया जा सकता।

न्यायदृष्टांत ***जागेश्वर प्रसाद विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 1986 (2) डब्ल्यू.एन. 22,*** के अनुसार किसी साक्षी के कथनों पर विश्वास करने या न करने का प्रश्न पुनरीक्षण में नहीं सुना जा सकता लेकिन न्यायदृष्टांत ***बोतलाल भीमराज विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 1985 एम.पी.एल.जे. 584,*** के अनुसार जहाँ न्याय की हानि हुई हो वहां साक्ष्य का पुनर्मूल्याकंन किया जा सकता है।

पुनरीक्षण न्यायालय से यह अपेक्षा नहीं होती कि वह अपील न्यायालय की तरह साक्ष्य का पुर्नमूल्यांकन करे। न्यायदृष्टांत ***ए.आई.आर. 2008 एस.सी. 1165,*** अवलोकनीय है।

न्यायदृष्टांत ***स्टेट ऑफ एम.पी. विरूद्ध मनीश कुमार गर्ग, 2016 (1) एम.पी.जे.आर. 25,*** के अनुसार अपील और पुनरीक्षण के क्षेत्राधिकार में अंतर होता है। एक अपील न्यायालय साक्ष्य का पुनर्मूल्यांकन कर सकता है जबकि पुनरीक्षण के क्षेत्राधिकार में अभिलेख की जांच कार्यवाही की वैधानिकता एवं नियमितता की संतुष्टि के उद्देश्य से की जाती है। जहां विपर्यस्त निष्कर्ष निकाले गये हों वहीं तथ्यों का मूल्यांकन अनुज्ञेय होता है।

23. अपील का पुनरीक्षण में, पुनरीक्षण का अपील में परिवर्तन:-

अपील को पुनरीक्षण में परिवर्तित किया जा सकता है। इसी तरह पुनरीक्षण आवेदन इस गलत विश्वास के आधार पर किया गया था कि उससे कोई अपील नहीं होती है, तब उच्च न्यायालय धारा 401 (5) दं.प्र.सं. के तहत पुनरीक्षण को अपील मान सकता है।

न्यायदृष्टांत ***महेश कुमार विरूद्ध राज्य, 1978 सी.आर.एल.जे. 390 इलाहबाद,*** के अनुसार पुनरीक्षण को अपील में और अपील को पुनरीक्षण में परिवर्तित किया जा सकता है दं.प्र.सं. में ऐसा करने में कोई बाधा नहीं है क्योंकि ये प्रक्रियात्मक प्रावधान न्याय के लिए बने हैं।

24. बल न देना या नॉट प्रेस:-

कभी-कभी पुनरीक्षणकर्ता पुनरीक्षण प्रस्तुत कर देने के बाद उस पर बल नहीं देना चाहता या चलाना नहीं चाहता। यदि पुनरीक्षण प्रारंभिक सुनवाई कर के ग्राह्य कर ली गई है उसके बाद उसका निराकरण सामान्यतः गुण-दोष पर ही करना होता है लेकिन पुनरीक्षणकर्ता अभियुक्त मर चुका हो तब मूल कार्यवाही वैसे ही उपशमित हो जाती है, ऐसे में अभिभाषक उस पर बल नहीं देने का पक्ष रखता है।

जिस आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण की गई, वह मूल कार्यवाही या मूल परिवाद अनुपस्थिति में निरस्त हो गया, ऐसे में पुनरीक्षण के निष्फल हो जाने के कारण उसे खारिज करवाना चाहते हैं।

पुनरीक्षण अभी प्रस्तुत की है और प्रारंभिक तर्क सुनकर उसे ग्राह्य नहीं किया है।

ये कुछ ऐसे उदाहरण हैं जहाँ पुनरीक्षण को नहीं चलाना चाहिए या बल न देने से खारिज किया जा सकता है। सामान्य नियम यही है कि एक बार पुनरीक्षण अंतिम सुनवाई के लिए ग्राह्य कर लिये जाने पर उसका निराकरण गुण-दोष पर ही करना होता है।

25. आदेश का स्वरूपः-

पुनरीक्षण के आदेश का स्वरूप कैसा हो? यह प्रश्न न्यायालय के मन में रहता है।

न्यायदृष्टांत ***पाल जार्ज विरूद्ध स्टेट, ए.आई.आर. 2002 एस.सी. 657,*** के अनुसार दाण्डिक पुनरीक्षण यह लिखते हुए खारिज की गई कि निर्णय में कोई अवैधता, अनौचित्य, अशुद्धता या क्षेत्राधिकार की त्रुटि नहीं है। इस आदेश को उचित नहीं माना गया। जो बचाव लिये गये हैं उन्हें गुण-दोष पर परीक्षित किये बिना और कारण चाहे कितने ही संक्षिप्त हों, लिखे बिना, इस प्रकार पुनरीक्षण खारिज करना उचित नहीं है।

सामान्यतः आदेश के प्रथम पैरा में पुनरीक्षण किस आदेश से व्यथित होकर पेश की गई है और वह किस न्यायालय ने पारित किया है इस बारे में विवरण देना चाहिए। आदेश के दूसरे पैरा में अभियोजन का मामला संक्षिप्त में बतलाना चाहिए। पुनरीक्षण के संक्षिप्त तथ्य लिखना चाहिए। विचारणीय प्रश्न बनाना चाहिए। दोनों पक्षों के तर्क लिखते हुए एक सकारण आदेश पारित करना चाहिए। अंतिम पैरा बहुत स्पष्ट होना चाहिए कि क्या पुनरीक्षण खारिज की गई है या स्वीकार की गई है या अंशतः स्वीकार की गई है और प्रश्नाधीन आदेश को कहां तक रूपांतरित किया गया है। आदेश की एक प्रति के साथ विचारण न्यायालय का अभिलेख भेजा जाना चाहिए।

26. विविध:-

(1) न्यायदृष्टांत ***हरिराम विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2009 (3) एम.पी.एच.टी. 24,*** के मामले में मृतक और अभियुक्त के बीच गत 8 वर्षों से अवैध संबंध थे। घटना दिनांक को देर रात्रि मृतक अभियुक्त के गांव में उसके घर पहुंची, दरवाजा खटखटाया, दरवाजा नहीं खोले जाने पर उसने

जहरीली गोलियाँ खा लीं और उसकी मृत्यु हो गयी। अभियुक्त के विरूद्ध धारा 306 भारतीय दण्ड संहिता का अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया और उसके विरूद्ध आरोप विरचित किया गया। पुनरीक्षण में अभियुक्त को उन्मोचित किया गया।

(2) न्यायदृष्टांत ***राधेश्याम विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2014 (3) एम.पी.एच.टी. 103,*** के मामले में अभियुक्त के विरूद्ध धारा 306 भा.दं.सं. के आरोप विरचित किये गये। ट्रक के स्वामी अभियुक्त ने मृतक चालक से पैसा लौटाने की मांग की। दोनों के बीच विवाद हुआ। मालिक ने ड्राइवर को धमकी दी। पुनरीक्षण में यह अभिनिर्धारित किया गया कि उधार दी गई राशि वापस मांगना मृतक को तंग करने के समान नहीं माना जा सकता। अभियुक्त के विरूद्ध आत्महत्या के दुष्प्रेरण के आरोप विरचित करने के प्रथम दृष्ट्या आधार नहीं पाये गये। पुनरीक्षण में अभियुक्त को उन्मोचित किया गया।

(3) न्यायदृष्टांत ***सुरजीत सिंह विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2016 (1) जे.एल.जे. 19,*** के अनुसार मृतक की संपत्ति का दुर्विनियोग या आधिपत्य में ले लिये जाने से मृतक के लिये गंभीर वित्तीय संकट उत्पन्न हो गया था। जब एक व्यक्ति को अभियुक्त द्वारा ऐसी दशा में पहुंचा दिया जाए जहां उसके लिए आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता न बचा हो, तब यह आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के समान माना जायेगा।

(4) न्यायदृष्टांत ***दिनेश विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., आई.एल.आर. 2017 एम.पी. 162,*** के अनुसार मृतक को ऋण की राशि वापस करने के लिये प्रेरित करना या समझाना दुष्प्रेरण नहीं है। अनावश्यक दबाव बनाने पर मृतक विधिक उपचार ले सकता था। आरोप अपास्त किये गये।

(5) न्यायदृष्टांत ***नरसिंह प्रसाद सिंह विरूद्ध राजकुमार, ए.आई.आर. 2001 एस.सी. 1828,*** के मामले में अभियुक्त ने धारा 498 ए आई.पी.सी. में की गई दोषसिद्धि के विरूद्ध पुनरीक्षण प्रस्तुत की। अभियुक्त ने दोषसिद्धि को चुनौती नहीं दी, केवल दण्ड के प्रश्न तक अपने तर्क सीमित रखे। उच्च न्यायालय ने अभिरक्षा में गुजारी गई अवधि के दण्ड का आदेश दिया जिसके लिए कोई कारण लेखबद्ध नहीं किये। उच्च न्यायालय ने यह पुष्टि भी नहीं की कि अभियुक्त मामले में अभिरक्षा में नहीं रहा है। दण्डादेश में ऐसे परिवर्तन को उचित नहीं माना गया। आदेश अपास्त किया गया और प्रकरण फिर से निराकृत करने के लिए भेजा गया।

इस विधिक स्थिति को अपील में अभिरक्षा में गुजारी गई अवधि के दंड से अपीलार्थी/अभियुक्त को दंडित करते समय ध्यान में रखा जाना चाहिए।

(6) ट्रक के संपहरण या फोरफीचर के विरूद्ध पुनरीक्षण में अभियुक्त और ट्रक मालिक को पक्षकार के रूप में जोड़ना चाहिए। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***शब्बीर हुसैन विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 1984 एम.पी.डब्ल्यू.एन. 437,*** अवलोकनीय है।

(7) अपील न्यायालय का आदेश कि गवाहों को जप्त आर्टिकल दिखाया जाये, इस उद्देश्य से प्रकरण पुनः विचारण के लिए प्रतिप्रेषित किया गया। ऐसे आदेश के विरूद्ध अभियुक्त की पुनरीक्षण संक्षिप्त रूप से खारिज की गई। इस संबंध में न्यायदृष्टांत ***मनोज विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी., 2005 (4) एम.पी.एल.जे. 547,*** अवलोकनीय है।

27. उपसंहार:-

इस प्रकार पुनरीक्षण पेश होने के बाद उक्त प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए उसका त्वरित निराकरण करना चाहिए। सर्वप्रथम प्रश्नाधीन आदेश का ध्यानपूर्वक अवलोकन करके यह देखना चाहिए कि क्या आदेश अंतर्वर्ती आदेश तो नहीं है। यदि अंतर्वर्ती आदेश है तब 397(2) दं.प्र.सं. के तहत उसके विरूद्ध पुनरीक्षण वर्जित है और ऐसी पुनरीक्षण को प्रारंभिक स्तर पर अर्थात् मोशन में ही खारिज कर देना चाहिए।

यदि आदेश अंतर्वर्ती आदेश नहीं है तब यह विचार करना चाहिए कि क्या पुनरीक्षणकर्ता का पक्ष मान लिये जाने पर कार्यवाही उसी स्टेज पर समाप्त नहीं होती किंतु आदेश की शुद्धता, वैधता या औचित्य की कसौटी पर आदेश में ऐसी कोई कमी तो नहीं है जो मामले की जड़ तक जाती हो, जिससे न्याय की गंभीर हानि हो रही हो यह विचार करना चाहिए।

पुनरीक्षण को अंतिम सुनवाई के लिऐ ग्राह्य कर लेने के बाद विपक्षीगण को सूचना पत्र देना चाहिए। पुनरीक्षणकर्ता की अनुपस्थिति या मृत्यु के बाद भी पुनरीक्षण को गुण-दोष पर निराकृत करना चाहिए और आदेश की प्रतिलिपि के साथ धारा 405 दं.प्र.सं. के तहत विचारण न्यायालय का अभिलेख आदेशानुसार कार्यवाही के लिए लौटाना चाहिए। विचारण न्यायालय का अभिलेख अंतिम सुनवाई के समय ही बुलवाना अधिक उचित रहता है, इसे भी ध्यान रखना चाहिए। यदि पुनरीक्षण अवधि बाधित हो और अंतरवर्ती आदेश के विरूद्ध नहीं हो तब विपक्षी को विलंब क्षमा करने के पूर्व सुनवायी का एक अवसर दिया जाना चाहिए।

सोचो वह जो बोल सको, बोलो वह जो लिख सको, लिखो वह जो हस्ताक्षर करके किसी को दे सको .....

एक

TRIAL OF WILDLIFE OFFENCES – AN OVERVIEW

By Swati Bajaj
O.S.D. (Training and Research)
MPSJA

INTRODUCTION

The rapid decline of wild animals and birds in India has been a cause of grave concern. Some wild animals and birds have become devoid of it and even in sanctuaries and National Parks, the protection afforded to wildlife needed to be improved. The Wild Birds and Animal Protection Act, 1912 and existing State laws had become completely outdated. In order to ensure the ecological and environmental security of the country, to have a uniform legislation on wildlife throughout the country to establish a network of protected areas, to regulate illicit trade in wildlife and its product, the Central Government by virtue of 1972 Amendment in Constitution of India, enacted Wildlife Protection Act. It is the most significant legislation on wildlife protection based on ecosystem approach.

